विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय में OPEN EDUCATIONAL RESOURCES (OER) Policy के अन्तर्गत विभिन्न विद्या शाखाओंसे ऑन लाइन एवं प्रिण्ट स्व अध्ययन सामग्री निर्माण किये जाने हेतु Commonwealth Educational Media Centre for Asia (CEMCA) को प्रेषित प्रस्ताव से अवगत हुई।

कार्य सूची बिन्दु संख्या 41.04

पी–एच.डी. कार्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया/दिशा–निर्देश निर्धारित किये जाने हेतु गठित समिति की बैठक दिनाँक 24–10–2016 की अनुशंसा पर विचार

पी–एच.डी. कार्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया/दिशा–निर्देश निर्धारित किये जाने हेतु गठित समिति की बैठक दिनाँक 24–10–2016 की अनुशंसा **संलग्नक 02 पृष्ठ संख्या 110–113** पर उपलब्ध है।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने पी–एच.डी. कार्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया/दिशा–निर्देश निर्धारित किये जाने हेतु गठित समिति की बैठक दिनाँक 24–10–2016 की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 41.05

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में पी–एच.डी. कार्यक्रम के निर्देशन हेतु अर्ह शोध पर्यवेक्षकों/निर्देशकों की सूची पर विचार

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में पी–एच.डी. कार्यक्रम के निर्देशन हेतु अर्ह शोध पर्यवेक्षकों/निर्देशकों की सूची विभिन्न विद्या शाखा द्वारा उपलब्ध करायी गई है, जिसका विवरण निम्नवत है :–

शिक्षा विद्या शाखा :–

1. प्रो. पी.के. पाण्डेय, प्रोफेसर
2. डॉ. जी.के. द्विवेदी, असिस्टेंट प्रोफेसर
3. डॉ. दिनेश सिंह, सहायक निदेशक/असिस्टेंट प्रोफेसर
4. डॉ. मुकेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर

प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा :–

1. डॉ. ओम जी गुप्ता, निदेशक
2. डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर
3. डॉ. देवेश रंजन त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर

मानविकी विद्या शाखा :–

1. डॉ. आर.पी.एस. यादव, निदेशक
2. डॉ. टी.एन. दुबे, पुस्तकालयाध्यक्ष
3. डॉ. रूचि बाजपेई, असिस्टेंट प्रोफेसर

4. डॉ. आर.जे. मौर्य, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
5. डॉ. साधना श्रीवास्तव, असिस्टेंट प्रोफेसर

विज्ञान विद्या शाखा :–

1. डॉ. आशुतोष गुप्ता, निदेशक
2. डॉ. श्रुति, असिस्टेंट प्रोफेसर

समाज विज्ञान विद्या शाखा :–

1. डॉ. इति तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर
2. डॉ. सन्तोषा कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर

कृषि विज्ञान विद्या शाखा :–

1. डॉ. पी.पी. दुबे, निदेशक (सह–पर्यवेक्षक के रूप में)

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में पी–एच.डी. कार्यक्रम के निर्देशन हेतु अर्ह शोध पर्यवेक्षकों/निर्देशकों की सूची को यथावत स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 41.06

विश्वविद्यालय की मानविकी विद्या शाखा के अन्तर्गत अंग्रेजी विषय में परामर्शदाता की नियुक्ति किये जाने पर विचार

इस विश्वविद्यालय में मानविकी विद्या शाखा के अन्तर्गत अंग्रेजी विषय में प्राध्यापक की नियुक्ति न होने के कारण शैक्षिक गतिविधियाँ जैसे अधिन्यास निर्माण, प्रश्न पत्र निर्माण तथा मूल्यांकन का कार्य आदि वाह्य परीक्षकों से कराई जाती है।

अतः विश्वविद्यालय में मानविकी विद्या शाखा के अन्तर्गत अंग्रजी विषय में 01 परामर्शदाता नियुक्ति किये जाने सम्बन्धी प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय की मानविकी विद्या शाखा के अन्तर्गत अंग्रेजी विषय में परामर्शदाता की नियुक्ति किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को यथावत स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 41.07

विश्वविद्यालय में अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित पर्यावरण अध्ययन विषय में परामर्शदाता की नियुक्ति किये जाने पर विचार

इस विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित पर्यावरण अध्ययन विषय में प्राध्यपक की नियुक्ति न होने के कारण शैक्षिक गतिविधियाँ जैसे अधिन्यास निर्माण, प्रश्न पत्र निर्माण तथा मूल्यांकन का कार्य आदि वाह्य परीक्षकों से कराई जाती है।

अतः विश्वविद्यालय में अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित पर्यावरण अध्ययन विषय में 01 पद पर परामर्शदाता नियुक्ति किये जाने सम्बन्धी प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय में अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित पर्यावरण अध्ययन विषय में परामर्शदाता की नियुक्ति किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को यथावत स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 41.08

विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रस्तावित योग कार्यक्रम की प्रगति से अवगत होना

राष्ट्रीय स्तर पर योग की अत्यधिक मांग एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर योग कार्यक्रम चलाये जाने हेतु पाठ्यक्रम सी.बी.सी.एस. प्रणाली के आधार पर तैयार कर लिया गया है।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रस्तावित योग कार्यक्रम की प्रगति से अवगत हुई तथा विद्या परिषद् ने मानविकी विद्या शाखा द्वारा प्रस्तुत (संलग्नक 03 पृष्ठ संख्या 114-121) योग में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा चलाये जाने का निर्णय लिया।

कार्य सूची बिन्दु संख्या 41.09

विश्वविद्यालय में पी–एच.डी. प्रवेश सत्र 2016 के सम्बन्ध में नेट/जे.आर.एफ. एवं प्रवेश परीक्षा के आधार पर उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की योग्यता के निर्धारण हेतु शिक्षा विद्या शाखा के अन्तर्गत सम्पन्न बैठक दिनाँक 24–10–2016 की अनुशंसा पर विचार

विश्वविद्यालय में पी–एच.डी. प्रवेश सत्र 2016 के सम्बन्ध में नेट/जे.आर.एफ. एवं प्रवेश परीक्षा के आधार पर उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के योग्यता के निर्धारण हेतु शिक्षा विद्या शाखा के अन्तर्गत सम्पन्न बैठक दिनाँक 24–10–2016 (संलग्नक 04 पृष्ठ संख्या 122) में निम्नलिखित संस्तुतियाँ की :–

1. जिन अभ्यर्थियों ने एम.ए. (परास्नातक) स्तर पर शिक्षाशास्त्र की उपाधि प्राप्त की है उनके एम.ए. (शिक्षाशास्त्र) तथा स्नातक स्तर पर BA/B.Sc/B.Com आदि के प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश हेतु विचार किया जाना उचित होगा।
2. जिन अभ्यर्थियों ने परास्नातक के रूप में एम.एड. किया है उनके एम.एड. एवं स्नातक स्तर पर बी.एड. के प्राप्ताकों के आधार पर प्रवेश हेतु विचार किया जाना उचित होगा।
3. जिन अभ्यर्थियों ने एम.ए. (शिक्षाशास्त्र) तथा M.Ed दोनों उपाधियाँ प्राप्त की है उनके MA (शिक्षाशास्त्र) तथा M.Ed उपाधि में जिसके भी प्राप्तांक अधिक हो उसी पर विचार किया जाना उपयुक्त होगा और इसी आधार पर यदि M.A. (Edu.) में प्राप्तांक अधिक है तो परास्नातक पर M.A. व स्नातक स्तर पर BA/B.Sc/B.Com आदि तथा यदि M.Ed स्तर पर प्राप्तांक अधिक है तो परास्नातक स्तर पर तथा M.Ed व स्नातक स्तर हेतु B.Ed के प्राप्तांकों को आधार बनाया जाना उपयुक्त होगा।
4. एकल विषय स्नातक में प्राप्त अंकों की गणना स्नातक के साथ नहीं की जायेगी।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय में पी–एच.डी. प्रवेश सत्र 2016 के सम्बन्ध में नेट/जे.आर.एफ. एवं प्रवेश परीक्षा के आधार पर उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की योग्यता के निर्धारण हेतु शिक्षा विद्या शाखा के अन्तर्गत सम्पन्न बैठक दिनाँक 24–10–2016 की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।

कार्य सूची बिन्दु संख्या 41.10

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में स्थित छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन हेतु विश्वविद्यालय में कम्युनिटी रेडियो स्थापित किए जाने हेतु की गयी कार्यवाही से अवगत होना

विश्वविद्यालय में कम्युनिटी रेडियो की स्थापना के सम्बन्ध में पूर्व में सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली को आवेदन किया गया था किन्तु इस सन्दर्भ में कोई अपेक्षित प्रगति न होने के कारण पुनः सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली को आवेदन पत्र सहित समस्त पत्रजातों की छाया प्रति प्रेषित करने के उपरान्त 03 अनुस्मारक प्रेषित किये जा चके हैं।

कम्प्युनिटी रेडियों की स्थापना हेतु सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली से दिशा निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में स्थित छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन हेतु विश्वविद्यालय में कम्युनिटी रेडियो स्थापित किए जाने हेतु की गयी कार्यवाही से अवगत हुई।

कार्य सूची बिन्दु संख्या 41.11

विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्या शाखाओं के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की स्व अध्ययन सामग्री निर्माण के अद्यतन स्थिति से अवगत होना

समाज विज्ञान विद्या शाखा

समाज विज्ञान विद्या शाखा से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के स्व–अध्ययन सामग्री लेखन के अन्तर्गत UGSY-01 से UGSY-04 तक एवं UGSY-06 में लेखन एवं सम्पादन कार्य पूर्ण हो चुका है। UGSY-05 में लेखन एवं सम्पादन कार्य प्रक्रिया में हैं। इसी प्रकार UGPS-01 से 07 तक लेखन एवं सम्पादन कार्य पूर्ण हो चुका है। MASW-01 से 03 तक लेखन एवं सम्पादन कार्य पूर्ण हो चुका है। MASW-04 एवं 05 सम्पादन की प्रक्रिया में हैं। MASW-06,07 मुद्रण हेतु प्रेषित किया जा चुका है। MASW-09 सम्पादन की प्रक्रिया में हैं। UGHY एवं MAHY की स्व–अध्ययन सामग्री लेखन एवं सम्पादन की प्रक्रिया में हैं।

शिक्षा विद्या शाखा

शिक्षा विद्या शाखा से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में B.Ed.-01 से 03 तक मुद्रित है। B.Ed.-04 से 06 एवं 21 से 24 तक लेखन प्रक्रिया में हैं। B.Ed.(SE)-01 से 05 तक मुद्रित हैं। MAED-01 से 09 तक मुद्रित है। UGED-01 से 06 तक मुद्रित है। UGSED-01 से 04 तक लेखन प्रक्रिया में हैं। PGDVGCC-01 से 05 तक मुद्रित है।

प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा

प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा के अन्तर्गत संचालित बी.काम. (प्रथम वर्ष) के चार प्रश्नपत्र के लेखन एवं सम्पादन का कार्य पूर्ण हो चुका है और प्रकाशन हेतु कुलसचिव कार्यालय को उपलब्ध करा दिया गया है। बी.बी.ए. (प्रथम वर्ष) के आठ प्रश्नपत्र का लेखन एवं सम्पादन कार्य पूर्ण हो चुका है। परन्तु दो प्रश्नपत्रों में सम्पादक द्वारा दिये गये सुझावों को अमेलित करने के लिए पुनः लेखकों के पास प्रेषित किया गया है। एम.बी.ए. (प्रथम वर्ष–प्रथम सेमेस्टर एवं द्वितीय सेमेस्टर) के 12 प्रश्नपत्रों में 6 प्रश्नपत्रों के लेखन एवं सम्पादन का कार्य पूर्ण हो चुका है और इन्हें प्रकाशन हेतु कुलसचिव कार्यालय को

उपलब्ध करा दिया गया है। शेष 6 प्रश्नपत्र सम्पादन एवं सम्पादकों के सुझावों को सम्मिलित करने की प्रक्रिया में हैं।

मानविकी विद्या शाखा एवं स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा

मानविकी विद्या शाखा से सम्बन्धित कार्यक्रम एम.ए. (हिन्दी) के 09 प्रश्नपत्रों में से अधिकांश का लेखन कार्य पूर्ण हो चुका है। बी.ए. (हिन्दी) में 01 से 09 प्रश्नपत्र मुद्रित हो चुके हैं। एम.ए. (संस्कृत) के प्रश्नपत्र 01 से 04 तक मुद्रित हैं। शेष का सम्पादन कार्य पूर्ण कर कतिपय सुधार हेतु लेखकों के पास हैं। बी.ए. (उर्दू) के प्रश्नपत्र 01 से 05 का सम्पादन तथा 06 एवं 07 का लेखन कार्य पूर्ण हो चुका है। बी.ए. (दर्शनशास्त्र) प्रश्न पत्र 02 से 06 तक लेखन कार्य पूर्ण हो चुका हैं प्रश्नपत्र 01 के दो खण्ड शेष हैं। एम. ए. (दर्शनशास्त्र) के प्रश्नपत्र 01, 03, 09, 10 एवं 12 का लेखन कार्य पूर्ण शेष का लेखन कार्य जारी है। पुस्तकालय विज्ञान MLIS कुल 08 प्रश्नपत्रों में से 01 एवं 03 का पूर्ण शेष प्रगति पर हैं। एम.ए. (अर्थशास्त्र) के चार प्रश्नपत्रों का मुद्रण हो चुका है शेष कार्य प्रगति पर हैं। बी.ए. (अर्थशास्त्र) के चार प्रश्नपत्रों का लेखन कार्य पूर्ण शेष 03 प्रश्नपत्रों का सम्पादन कार्य पूर्ण है। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा से सम्बन्धित DHEN, DECE एवं DCDM कार्यक्रम की स्व–अध्ययन सामग्री के लेखन का कार्य प्रगति पर है। स्नातक एवं परास्नातक कार्यक्रमों के पाठ्यक्रमों का निर्धारण किया जा चुका है।

कृषि विज्ञान विद्या शाखा

कृषि विज्ञान विद्या शाखा से सम्बन्धित APDF, CLPS, CCMAP एवं CPHT&VA कार्यक्रमों से से CPHT&VA की विषय सामग्री में कतिपय संशोधनोपरान्त स्व–अध्ययन सामग्री के निर्माण का कार्य चल रहा है। CIP, CIB M.Sc-AgExt. एवं PGD-AgExt. के लेखकों की सूची तैयार की जा रही है। विगत वर्षो में संचालित तीन कार्यक्रम COF, DDT एवं DVAPFV जो किन्ही कारणों से स्थगित हैं के लेखन सम्बन्धी कार्य प्रगति पर है।

विज्ञान विद्या शाखा एवं कम्प्यूटर विज्ञान विद्या शाखा

विज्ञान विद्या शाखा एवं कम्प्यूटर विज्ञान विद्या शाखा में पाठ्य सामग्री निर्माण के क्रम में अवगत कराना है कि BCA, MCA एवं Chemistry में क्रमशः 03, 03, एवं 01 प्रश्नपत्र मुद्रण हेतु भेजे गये हैं। BCA, MCA, Chemistry, Statistics, B.Sc.(CS) कार्यक्रमों में क्रमशः 06, 01, 04, 04, 04 सम्पादन में एवं 07, 07, 08, 16, 03 में लेखन कार्य चल रहा है।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्या शाखाओं के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की स्व अध्ययन सामग्री निर्माण के अद्यतन स्थिति से अवगत हुई।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 41.12

विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाने वाली उपाधि में शिक्षार्थी के माता/पिता/पति का नाम दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में मुद्रित कराये जाने पर विचार

विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाने वाली उपाधि में शिक्षार्थी के माता/पिता/पति का नाम दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में मुद्रित कराया जाना है। इस प्रक्रिया द्वारा हिन्दी भाषी प्रदेशों के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों में भी उपाधि प्रस्तुत करने में शिक्षार्थियों को सुगमता होगी।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाने वाली उपाधि में शिक्षार्थी के माता/पिता/पति का नाम दोनों भाषाओं (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में मुद्रित कराये जाने का निर्णय लिया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 41.13

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाने वाली उपाधि में अधिक पारदर्शिता के दृष्टिगत सत्र जुलाई 2017–18 से प्रवेशित शिक्षार्थियों को उनके कार्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात् फोटो युक्त उपाधि मुद्रित किये जाने पर विचार

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाने वाली उपाधि में अधिक पारदर्शिता के दृष्टिगत सत्र जुलाई 2017–18 से प्रवेशित शिक्षार्थियों को उनके कार्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात् फोटो युक्त उपाधि मुद्रित किये जाने सम्बन्धी प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को प्रदान की जाने वाली उपाधि में अधिक पारदर्शिता के दृष्टिगत सत्र जुलाई 2017–18 से प्रवेशित शिक्षार्थियों को उनके कार्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात् फोटो युक्त उपाधि मुद्रित किये जाने का निर्णय लिया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 41.14

छात्र/छात्राओं को प्रदान किए जाने वाले अंक पत्रों एवं उपाधियों पर विश्वविद्यालय के आधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर होने तथा डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त अंक पत्र एवं उपाधि को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किये जाने पर विचार

छात्र/छात्राओं को प्रदान किए जाने वाले अंक पत्रों एवं उपाधियों पर विश्वविद्यालय के आधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर होने तथा डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त अंक पत्र एवं उपाधि को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किये जाने सम्बन्धी प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने छात्र/छात्राओं को प्रदान किए जाने वाले अंक पत्रों एवं उपाधियों पर विश्वविद्यालय के आधिकारियों के डिजिटल हस्ताक्षर होने तथा डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त अंक पत्र एवं उपाधि को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किये जाने का निर्णय लिया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 41.15

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिसम्बर, 2012 में मानवाधिकार शिक्षा पर उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम संचालित किये जाने हेतु की गयी संस्तुतियों को लागू किये जाने के सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्या 916/सत्तर–1–2016 दिनाँक 12 सितम्बर, 2016 द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में कार्यवाही पर विचार

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिसम्बर, 2012 में मानवाधिकार शिक्षा पर उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम संचालित किये जाने हेतु की गयी संस्तुतियों को लागू किये जाने के सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्या 916/सत्तर–1–2016 दिनाँक 12 सितम्बर, 2016 द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान विद्या शाखा द्वारा मानवाधिकार से सम्बन्धित सी.एच.आर. कार्यक्रम संचालित होने तथा परास्नातक स्तर पर वैकल्पिक आधार पाठ्यक्रम **'मानवाधिकार एवं कर्तव्य'** प्रश्न पत्र संचालित होने की सूचना देते हुए स्नातक स्तर पर मानवाधिकार से सम्बन्धित प्रश्न पत्र सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव किया गया है।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिसम्बर, 2012 में मानवाधिकार शिक्षा पर उच्च शिक्षा में पाठ्यक्रम संचालित किये जाने हेतु की गयी संस्तुतियों को लागू किये जाने के

सम्बन्ध में शासन के पत्र संख्या 916/सत्तर–1–2016 दिनाँक 12 सितम्बर, 2016 द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में प्रभारी, समाज विज्ञान विद्या शाखा को कार्यक्रमों के प्रारूप तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 41.16

दिनाँक 07 सितम्बर, 2016 को सम्पन्न परीक्षा समिति की आपातकालीन बैठक के कार्यवृत्त पर विचार

1. सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2014 के सापेक्ष अमूल्यांकित अधिन्यास/उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कराने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार

सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2014 के सापेक्ष ऐसे परीक्षार्थी लगभग 1500 जो अपने कार्यक्रम से सम्बन्धित अधिन्यास कार्य समय के अन्दर अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा कर दिये हैं एवं सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र द्वारा अधिन्यास की कापियों को मूल्यांकन कराये जाने हेतु अपने सम्बन्धित क्षेत्रीय केन्द्र पर निर्धारित अन्तिम तिथि के अन्दर प्रेषित कर दिया गया है, सूच्य है कि पूर्व में मेरठ क्षेत्रीय केन्द्र का गठन नहीं होने के कारण एवं दो बार अधिन्यास की तिथि बढ़ाये जाने के कारण क्षेत्रीय केन्द्र के सम्बन्धित अध्ययन केन्द्रों द्वारा अधिन्यास जमा करने हेतु असमंजस की स्थिति रही फिर भी मेरठ क्षेत्रीय केन्द्र पर आयोंजित की गई कार्याशाल में आये प्राचार्य/समन्वयकों द्वारा यह बताया गया कि अधिन्यास अन्तिम तिथि के अन्दर क्षेत्रीय केन्द्र पर जमा कर दिये गये थे। इससे सम्बन्धित छात्र–छात्राओं के प्रार्थना पत्रों को भी दिया गया है। जिसके सापेक्ष विश्वविद्यालय द्वारा क्षेत्रीय केन्द्र को एक पत्र प्रेषित है।

यदि क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा यह पुष्टि की जाती है कि अधिन्यास समय से प्राप्त हो गये हैं, तो उन प्रकरणों पर छात्रहित में विचार करते हुए ऐसे परीक्षार्थियों की सत्रांत दिसम्बर 2014 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कराये जाने एवं परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सत्र दिसम्बर 2014 के मेरठ क्षेत्रीय केन्द्र के अतिरिक्त ऐसे समस्त परीक्षार्थियों के जो निर्धारित अन्तिम तिथि के अन्दर अपने कार्यक्रम की अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं को जमा किर दिये थे, की जानकारी सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र से प्राप्त करने एवं उनके मूल्यांकन हो जाने के की पुष्टि के उपरान्त ही उनकी सत्रांत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाय। यदि किसी परीक्षार्थी की अधिन्यास उत्तर पुस्तिका निर्धारित अन्तिम तिथि के अन्दर

जमा होने के उपरान्त भी अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन न हुआ या किसी परीक्षार्थी के द्वारा जमा की गई अधिन्यास उत्तर पुस्तिका के न मिल पाने की स्थिति में साक्ष्य के साथ परीक्षार्थी से पुनः अधिन्यास कार्य पूर्ण कराकर उन्हें सत्रांत उत्तर पुस्तिकाओं के साथ मूल्यांकन कराते हुए परीक्षा परिणाम घोषित किया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

2. <u>उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को प्रथम एंव द्वितीय वर्ष के अंकपत्र को निर्गत किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार</u>

समस्त परीक्षार्थियों के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंकपत्र विश्वविद्यालय की वेब साइट पर उपलब्ध रहते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अन्तिम वर्ष के अंकपत्र में उत्तीर्ण परिक्षार्थियों के समस्त विवरण यथा प्रश्न–पत्रों के अंक, अधिन्यास अंक, क्रेडिट, एंव <u>उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण</u> की स्थिति उपलब्ध रहता है। प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंकपत्र निर्माण में व्यर्थ की समय हानि, जन शक्ति इत्यादि का हनन होता है। यदि किसी विभाग/संस्था द्वारा रोजगार के परिप्रेक्ष्य में लिखित रुप से अनुरोध किया जाता है तो सम्बन्धित परीक्षार्थी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंकपत्र को निर्गत किया जा सकता है। शिक्षार्थियों को उनके मात्र अन्तिम वर्ष के पूर्ण अंक–पत्र की हार्ड कापी में दिए जाने सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि परास्नातक कार्यक्रम के शिक्षार्थियों को उनके द्वितीय वर्ष एवं स्नातक कार्यक्रम के शिक्षार्थियों को उनके तृतीय वर्ष के पूर्ण अंक–पत्र की हार्ड कापी उपल्बध करायी जाय। यह भी निर्णय लिया गया कि यदि किसी विभाग/संस्था द्वारा रोजगार के परिप्रेक्ष्य में लिखित रुप से अनुरोध किया जाता है तो सम्बन्धित परीक्षार्थी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के अंकपत्र की हार्ड कापी को निर्गत किया जा सकता है।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

3. <u>एकल विषय के उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उनकी उपाधि निर्गत किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार</u>

श्री राज्यपाल सचिवालय से एकल विषय कार्यक्रम के संचालन को अग्रिम निर्णय तक बन्द किये जाने सम्बन्धी पत्र प्राप्त होने के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम के संचालन को बन्द कर दिया गया है।

वर्तमान में सत्र 2013–14 तक लगभग 35000 शिक्षार्थी एकल विषय कार्यक्रम में उतीर्ण हो चुके हैं। उन्हें उपाधि प्रदान करना विश्वविद्यालय का दायित्व है। तमाम परीक्षार्थियों के द्वारा अपने उपाधि हेतु प्रार्थना पत्र के माध्यम से एवं जन सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उपाधि प्राप्त करने हेतु समय–समय पर पत्र प्राप्त होता रहता है। पूर्व में लगभग 928 शिक्षार्थियों अनुमोदित प्रारुप पर प्रमाण–पत्र निर्गत किए जा चुके हैं।

वर्तमान में सत्र 2013–14 तक लगभग 35000 शिक्षार्थी जो एकल विषय में उत्तीर्ण हो चुके हैं उन्हें अनुमोदित प्रारुप पर उनकी उपाधि को निर्गत किये जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एकल विषय के ऐसे लगभग 35000 समस्त उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को दिये जाने वाले प्रमाण–पत्र के प्रारुप में उपाधि के स्थान पर प्रमाण–पत्र व Degree के स्थान पर Certificate को संशोधित करते हुए एवं सम्बन्धित परीक्षार्थियों से उनके स्नातक कार्यक्रम को पूर्ण करने के साक्ष्य प्राप्ति के उपरान्त ही निर्गत करने की सहमति दी।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

4. <u>परीक्षा केन्द्रों पर पालीवार परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर आन्तरिक उड़ाका दल एंव जनरेटर की व्यवस्था किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार</u>

विश्वविद्यालय द्वारा सम्पादित की जाने वाली परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों पर आन्तरिक उड़ाका दल एंव जनरेटर उपयोग से सम्बन्धित देयकों में भुगतान सम्बन्धी प्रकरण सामने आते रहते हैं। सूच्य है कि विभिन्न परीक्षाओं में पालीवार परीक्षार्थियों की संख्या कम होने पर भी आन्तरिक उड़ाका दल के भुगतान हेतु प्रकरण सामने आते रहते हैं।

जबकि संख्या कम होने की स्थिति में आन्तरिक उड़ाका दल की आवयश्कता प्रतीत नहीं होती है। इसी प्रकार जनरेटर का उपयोग सम्पूर्ण परीक्षा के दौरान दिखाया जाता है जबकि वस्तुस्थिति में जनरेटर का उपयोग यदाकदा ही किया जाता है।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्रों पर पालीवार कम से कम 100 परीक्षार्थियों के होने पर ही आन्तरिक उड़ाका दल को भेजे जाने सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत एवं परीक्षा केन्द्रों पर जनरेटर की व्यवस्था में प्रस्तुत बिल के साथ लाग–सीट एवं डीजल रशीद दिये जाने पर ही भुगतान किए जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी परीक्षाओं हेतु आन्तरिक उड़ाका दल के स्थान पर Inter Centre प्रक्रिया के तहत इस कार्य को कराया जाय एवं उनसे सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक/प्राचार्य द्वारा प्रमाण–पत्र प्राप्त करते हुए प्रस्तुत किया जाय। ऐसे प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षकों के द्वारा भी प्रस्तुत किये जायें। परीक्षा समिति ने जनरेटर की व्यवस्था से सम्बन्धित प्रकरण पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बिल के साथ पर्याप्त प्रमाण यथा जनरेटर होने का प्रमाण एवं लागसीट प्रस्तुत किये जायें।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

5. **<u>अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के सापेक्ष Award List पर अंक प्राप्त हो जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार</u>**

कानपुर क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत बनाये गये मूल्यांकन केन्द्र के नोडल अधिकारी द्वारा दिसम्बर–2015 परीक्षा के सापेक्ष छात्रा आरजू कटियार की उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन कराये बिना उनके सत्रांत परीक्षा के Award List पर अंक प्रेषित किया गया है। इस सम्बन्ध में छात्रा आरजू कटियार नामांकन संख्या 310101010003 के प्रकरण में यह दृष्टिगत हुआ है कि छात्रा ने सभी परीक्षाएं दी हैं जिससे सम्बन्धित P7 प्रमाण के रुप में उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में नोडल मूल्यांकन प्रभारी को सम्बन्धित प्रकरण पर अपनी आख्या देने के साथ कि उक्त परीक्षकों से भविष्य में मूल्यांकन न कराया जाय सम्बन्धी चेतावनी पत्र निर्गत किया गया।

छात्रा के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करा दिया गया है। उक्त छात्रा आरजू कटियार के परीक्षा परिणाम को घोषित किए जाने हेतु प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि छात्रा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराते हुए परीक्षाफल घोषित किया जाय एवं सम्बन्धित परीक्षकों के भुगतान को रोक दिया जाय यदि भुगतान हो गया हो तो विश्वविद्यालय नियमानुसार उसे वापस प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाय। ऐसे परीक्षको को आगामी परीक्षाओं हेतु रोक लगाते हुए भविष्य में इनसें किसी भी प्रकार के मूल्यांकन का कार्य न कराया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

6. <u>विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र (एस–478) के कतिपय शिक्षार्थियों को अलग–अलग वर्षों हेतु एक ही कार्यक्रम के लिये भिन्न–भिन्न नामांकन संख्या आवांटित कर दिया गया है, से सम्बन्धित प्रकरण पर विचार</u>

विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखीमपुर–खीरी (एस–478) के कतिपय शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा एक ही कार्यक्रम के अन्तर्गत अलग–अलग वर्षों हेतु भिन्न–भिन्न नामांकन संख्या आवांटित कर दिये जाने के कारण उनके परीक्षा परिणाम को घोषित किये जाने में कठिनाई हो रही है। इस सम्बन्ध में प्रवेश अनुभाग द्वारा प्राप्त आख्या के उपरान्त भी समस्या आ रही है।

ऐसे समस्त शिक्षार्थियों को उनके कार्यक्रम हेतु प्रवेश अनुभाग द्वारा ऐसे नामांकन संख्या को आंवांटित कर दिया जाय जो किसी भी अन्य शिक्षार्थी को आवांटित न हो एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए नामांकन प्राप्ति के उपरान्त उनके परीक्षा परिणाम को घोषित किए जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसे शिक्षार्थियों के नामांकन हेतु प्रवेश प्रभारी एवं परीक्षा नियंत्रक के साथ बैठक कर समस्या का हल निकालते हुए शिक्षार्थियों के परीक्षाफल को घोषित कर दें।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

7. **छात्रा सुश्री अर्चना भारती के UGST-05 की उत्तर पुस्तिका पर औसत अंक के निर्धारण से सम्बन्धित प्रकरण पर विचार**

सुश्री अर्चना भारती द्वारा दायर याचिका संख्या 31641/2016 के छात्रा अर्चना भारती की UGST-05 की उत्तर पुस्तिका न हीं विश्वविद्यालय/क्षेत्रीय केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्र पर उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में किये गये पत्राचार से सम्बन्धित समस्त पत्राजात (संलग्नक–06, पृष्ठ संख्या–41–58) पर उपलब्ध है। सुश्री अर्चना भारती द्वारा दायर याचिका के सापेक्ष मा0 उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया है कि छात्रा की UGST-05 की उत्तर पुस्तिका पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लेते हुए परीक्षाफल घोषित किया जायं। मा0 उच्च न्यायालय ने आदेश के अनुपालन हेतु चार सप्ताह का समय दिया है।

मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में छात्रा को उनके अन्य प्रश्न–पत्रों में प्राप्त अंक के आधार पर UGST-05 प्रश्न–पत्र हेतु औसत अंक देते हुए परीक्षा परिणाम को घोषित किए जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि छात्रा अर्चना भारती के अन्य प्रश्न–पत्रों मे प्राप्त अंक के आधार पर UGST-05 प्रश्न–पत्र में औसत अंक प्रदान करने के पूर्व छात्रा के हस्ताक्षर का मिलान अन्य प्रश्न–पत्रों की उपस्थिति प्रपत्र (P-7) से भी कराते हुए छात्रा का परीक्षाफल घोषित किया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

8. **मूल्यांकन कार्य हेतु नोडल मूल्यांकन प्रभारी बनाये जाने सम्बन्धी प्रथा को समाप्त किए जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार**

मूल्यांकन कार्य हेतु पूर्व में नोडल मूल्यांकन प्रभारी बनाये जाने की प्रथा रही है। जिसके परिप्रेक्ष्य में उनको निर्धारित मानक के अनुसार भुगतान भी किया जाता है। चूंकि क्षेत्रीय निदेशकों द्वारा अपने सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों से उत्तर पुस्तिकाओं को मंगाने एवं उनके

मूल्यांकन हेतु अनुमोदित परीक्षकों से मूल्यांकन कराये जाने से सम्बन्धित कार्य सम्पन्न कराया जा रहा है। नोडल मूल्यांकन प्रभारी द्वारा मूल्यांकन कराये जाने में अधिक समय लगता है एवं क्षेत्रीय निदेशक और मूल्यांकन प्रभारी को उत्तर पुस्तिकाओं के लेने देने एवं अन्य समस्याओं के कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने में विलम्ब होता है।

अतः नोडल मूल्यांकन प्रभारी बनाये जाने की व्यवस्था को समाप्त करते हुए उपरोक्त कार्य क्षेत्रीय निदेशकों के देखरेख में कराये जाने एवं क्षेत्रीय निदेशकों को निर्धारित मानक के अनुसार भुगतान सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसे प्रकरणों में तत्समय जैसी आवयश्कता हो परीक्षा नियंत्रक अपने विवेकानुसार निर्णय लेते हुए कार्य को सम्पादित करायें।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

9. <u>विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा पूर्व शपथ–पत्र लेने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार</u>

विश्वविद्यालय द्वारा आयोंजित की जाने वाली परीक्षाओं हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा के आरम्भ होने से पूर्व परीक्षा की सुचिता, नकल विहिन परीक्षा, परीक्षार्थियों की सुविधा इत्यादि से सम्बन्धित एक शपथ पत्र रु. 10/– के नान जुडिस्यिल स्टाम्प पेपर पर लेने सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसे परीक्षा केन्द्रों में जो स्ववित्तपोषित महाविद्यालय हों उन्हीं से शपथ–पत्र लिया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

10. <u>पूर्व परीक्षा एवं परीक्षा के दौरान कार्यालय अवधि के अतिरिक्त कार्य करने वाले परीक्षा अनुभाग के कर्मचारियों के पारिश्रमिक निर्धारण सम्बन्धी प्रकरण पर विचार</u>

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जानी वाली परीक्षाओं में पूर्व परीक्षा एवं परीक्षा के दौरान कार्यालय अवधि के अतिरिक्त कई कर्मचारियों को देर तक रुककर काम करना पड़ता है। कार्य करने वाले परीक्षा अनुभाग के कर्मचारियों को उनके पद के अनुरुप पारिश्रमिक दिये जाने की आवयश्कता प्रतीत होती है।

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जानी वाली परीक्षाओं हेतु पूर्व परीक्षा एवं परीक्षा के दौरान कार्यालय अवधि के अतिरिक्त कार्य करने वाले परीक्षा अनुभाग के कर्मचारियों को निम्नानुसार मानदेय प्रस्तावित किया जाता है :–

1.	तृतीय श्रेणी	रु. 20/–	प्रति अतिरिक्त घंटा
2.	कुशल श्रमिक	रु. 15/–	प्रति अतिरिक्त घंटा
3.	अकुशल श्रमिक	रु. 10/–	प्रति अतिरिक्त घंटा

परन्तु एक माह में अधिकतम रु. 2000/– तृतीय श्रेणी, रु. 1500/– कुशल श्रमिक एवं रु. 1000/– अकुशल श्रमिक को विभागाध्यक्ष की संस्तुति के उपरान्त भुगतान किए जाने से सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसे किसी भी प्रकार के भुगतान के स्थान पर पूर्व की भाँति व्यवस्था ही अपनाई जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

11. **परीक्षा गोपनीय कार्य हेतु यात्रा पर जाने वाले शिक्षकों, परामर्शदाताओं एवं कर्मचारियों के ठहरने की व्यवस्था हेतु भुगतान से सम्बन्धित प्रकरण पर विचार**

विश्वविद्यालय की परीक्षा में गोपनीय कार्य हेतु यात्रा पर जाने वाले शिक्षकों, परामशदाताओं एवं कर्मचारियों को कई स्थानों पर ठहरने हेतु उनकी अपनी व्यवस्था न होने के कारण अन्य व्यवस्था करनी पड़ती है। जिसमें उनका अपना व्यय होता है। जिसका भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जाता है। अतः निम्नानुसार भुगतान किए जाने को प्रस्ताव परीक्षा समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

1. A ग्रेड श्रेणी के शहर हेतु रु. 700/–
2. B ग्रेड श्रेणी के शहर हेतु रु. 600/–
3. C ग्रेड श्रेणी के शहर हेतु रु. 500/–

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय नियमानुसार जो यात्रा व्यय दिया जाता है उसी के अन्तर्गत भुगतान किया जाय। यात्रा की व्यवस्था में जहाँ तक सम्भव हो यात्रा हेतु प्रातः प्रस्थान कराया जाय एवं ऐसे किसी भी प्रकार के भुगतान के स्थान पर पूर्व की भाँति व्यवस्था ही अपनाई जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

कार्य सूची बिन्दु संख्या 41.17

दिनाँक 19 नवम्बर, 2016 को मान्यता बोर्ड की सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर विचार

1. **सत्र 2016–17 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना से सम्बन्धित निर्णयों से अवगत होना**

सत्र 2016–17 में नये अध्ययन केन्द्र स्थापित किये जाने हेतु समय–समय पर कुल 17 आवेदन–पत्र/ प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदन–पत्रों पर मा. कुलपति जी द्वारा गठित स्क्रीनिंग समिति ने परीक्षणोंपरान्त कुल 04 महाविद्यालय को विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र स्थापित किये जाने की अनुशंसा की (संलग्नक– 05 पृष्ठ संख्या– 123) एवं 13 महाविद्यालय/संस्थान को विश्वविद्यालय मानकों की पूर्ति न होने की कारण असंस्तुत किया (संलग्नक–06 पृष्ठ संख्या– 124)। गठित स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा से सत्र 2016–17 से 04 अध्ययन केन्द्रों के स्थापना की अनुमति प्रदान कर दी गई है।

अतः प्रकरण मान्यता बोर्ड के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत किया गया।

मान्यता बोर्ड सत्र 2016–17 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना से सम्बन्धित निर्णयों से अवगत हुई।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् मान्यता बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।

2. <u>सत्र 2016–17 में पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रम के संचालन से सम्बन्धित निर्णयों से अवगत होना।</u>

सत्र 2016–17 में पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु समय–समय पर कुल 19 आवेदन–पत्र/प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदन–पत्र पर मा. कुलपति जी द्वारा गठित स्क्रीनिंग समिति ने परीक्षणोंपरान्त कुल 09 अध्ययन केन्द्रों के अतिरिक्त वांछित कार्यक्रम संचालन हेतु अनुशंसा की गई (संलग्नक– 07 पृष्ठ संख्या– 125) तथा कुल 10 प्रस्तावों को विश्वविद्यालय के मानक की पूर्ति न होने के कारण असंस्तुत किया (संलग्नक– 08 पृष्ठ संख्या– 126)। गठित स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा से सत्र 2016–17 में पूर्व से संचालित 09 अध्ययन केन्द्रों को वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन की अनुमति प्रदान कर दी गई है।

अतः प्रकरण मान्यता बोर्ड के संज्ञानार्थ प्रस्तुत किया गया।

मान्यता बोर्ड सत्र 2016–17 में पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रम के संचालन से सम्बन्धित निर्णयों से अवगत हुई।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् मान्यता बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।

3. <u>अध्ययन केन्द्र स्थापना हेतु निर्धारित मानक/मापदण्ड में आवश्यक संशोधन हेतु विश्वविद्यालय के पत्रांक : ओ.यू./613/2016, दिनांक 11.08.2016 द्वारा गठित समिति की बैठकों दिनांक 24-10-2016, 25-10-2016, 26-10-2016 एवं दिनांक 08-11-2016 की कार्यवृत्त पर विचार</u>

अध्ययन केन्द्र स्थापना हेतु निर्धारित मानक/मापदण्ड में आवश्यक संशोधन हेतु विश्वविद्यालय के पत्रांक : ओ.यू./613/2016, दिनांक 11.08.2016 द्वारा गठित समिति की बैठकों दिनांक 24-10-2016, 25-10-2016, 26-10-2016 एवं दिनांक 08-11-2016 की कार्यवृत्त संलग्नक –09 पृष्ठ संख्या 127–144 पर उपलब्ध है।

अतः प्रकरण मान्यता बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

मान्यता बोर्ड ने प्रश्नगत प्रकरण पर विचार किया।

मान्यता बोर्ड अध्ययन केन्द्र स्थापना हेतु निर्धारित मानक/मापदण्ड में आवश्यक संशोधन हेतु विश्वविद्यालय के पत्रांक : ओ.यू./613/2016, दिनांक 11.08.2016 द्वारा गठित समिति की बैठकों दिनांक 24-10-2016, 25-10-2016, 26-10-2016 एवं दिनांक 08-11-

2016 की कार्यवृत्त संलग्नक–01 के बिन्दु सं.–9 के क्र.सं. 3, 5 तथा 10 में कतिपय संशोधन के साथ सहमत हुई :

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	प्रस्तावित मानक	संशोधित मानक
1.	MJ	शासन द्वारा मान्यता प्राप्त जनसंचार अथवा किसी सम्बन्धित विषय (हिन्दी, राजनीति शास्त्र, लोक प्रशासन, सूचना विज्ञान) में स्नातकोत्तर स्तर की मान्यता। अथवा न्यूनतम 3 वर्ष तक BJ या समकक्ष कार्यक्रम चलाने का अनुभव	शासन द्वारा मान्यता प्राप्त जनसंचार अथवा किसी सम्बन्धित विषय (हिन्दी, **अंग्रेजी, उर्दू,** राजनीति शास्त्र, लोक प्रशासन, सूचना विज्ञान **आदि**) में स्नातकोत्तर स्तर की मान्यता। अथवा न्यूनतम 3 वर्ष तक BJ या समकक्ष कार्यक्रम चलाने का अनुभव
2.	MCA	कम्प्यूटर विज्ञान में शासन या AICTE से स्नातकोत्तर स्तर की मान्यता। अथवा सम्बन्धित विषय/विषयों में शासन या AICTE द्वारा मान्यता तथा न्यूनतम 3 वर्ष तक कम्प्यूटर में स्नातक कार्यक्रम चलाने का अनुभव।	कम्प्यूटर विज्ञान में शासन या AICTE से स्नातकोत्तर स्तर की मान्यता। अथवा सम्बन्धित विषय/विषयों में शासन या AICTE द्वारा मान्यता तथा न्यूनतम 3 वर्ष तक कम्प्यूटर में स्नातक कार्यक्रम चलाने का अनुभव। एवं (i) न्यूनतम 15 कम्प्यूटर वाली सुसज्जित प्रयोगशाला। (ii) न्यूनतम 100 Titles की पुस्तकों वाला पुस्तकालय। (iii) ब्राड बैण्ड/इन्टरनेट सुविधा। (iv) न्यूनतम 03 अर्ह Guest Faculty.
3.	BCA	कम्प्यूटर विज्ञान में शासन या AICTE से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर की मान्यता। अथवा न्यूनतम 5 वर्ष से कम्प्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत व उच्च स्तरीय पंजीकृत संस्था।	कम्प्यूटर विज्ञान में शासन या AICTE से स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर की मान्यता। अथवा न्यूनतम 5 वर्ष से कम्प्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत व उच्च स्तरीय पंजीकृत संस्था। एवं (i) न्यूनतम 15 कम्प्यूटर वाली सुसज्जित प्रयोगशाला। (ii) न्यूनतम 100 Titles की पुस्तकों वाला पुस्तकालय। (iii) ब्राड बैण्ड/इन्टरनेट सुविधा। (iv) न्यूनतम 03 अर्ह Guest Faculty. (v) 10+2 अर्हता स्तर के डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र कार्यक्रम के संचालन का न्यूनतम 02 वर्ष का

क्र. सं.	कार्यक्रम का नाम	प्रस्तावित मानक	संशोधित मानक
			अनुभव।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

4. **नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना एवं पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों हेतु समय–समय पर प्राप्त आवेदन–पत्रों/प्रस्तावों के निस्तारण प्रक्रिया पर विचार**

नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना एवं पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों हेतु समय–समय पर प्राप्त आवेदन–पत्रों/प्रस्तावों के निस्तारण प्रक्रिया से सम्बन्धित प्रकरण मान्यता बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया।

मान्यता बोर्ड ने प्रश्नगत प्रकरण पर विचार किया।

मान्यता बोर्ड नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना एवं पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों हेतु समय–समय पर प्राप्त आवेदन–पत्रों/प्रस्तावों के निस्तारण प्रक्रिया (मान्यता बोर्ड का कार्यवृत्त 19.07) यथावत रखने पर सहमत हुई।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

बिन्दु संख्या 41.18

दिनाँक 19 नवम्बर, 2016 को योजना बोर्ड की सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर विचार।

1. **विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित याज्ञवल्क्य ग्रन्थालय के द्वितीय तल पर परीक्षा हाल के निर्माण कराये जाने पर विचार**

विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के पास कोई बड़ा हाल उपलब्ध न होने के कारण कठिनाइयों का सामना करना

पड़ता है। उक्त के दृष्टिगत विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित याज्ञवल्क्य ग्रन्थालय के द्वितीय तल में परीक्षा हाल के निर्माण कराये जाने हेतु प्रकरण योजना बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

योजना बोर्ड ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

योजना बोर्ड ने विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित याज्ञवल्क्य ग्रन्थालय के द्वितीय तल पर परीक्षा हाल के निर्माण कराये जाने की संस्तुति की।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने योजना बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

2. <u>विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में कर्मचारी आवास टाइप–01 एवं टाइप–02 से सम्बन्धित निर्माण कार्य कराये जाने से अवगत होना</u>

विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में कर्मचारी आवास टाइप–01 एवं टाइप–02के निर्माण के सम्बन्ध में उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, इलाहाबाद इकाई–02 द्वारा आगणन रू. 676.29 लाख का अनुमानित आगणन प्रस्तुत किया गया जबकि दूसरी कार्यदायी संस्था परियोजना प्रबन्धक, सी.एण्ड डी.एस., यूनिट–33, उत्तर प्रदेश जल निगम, इलाहाबाद द्वारा रु. 343.76 लाख का अनुमानित आगणन प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यदायी संस्था सी. एण्ड डी.एस., यूनिट–33, उत्तर प्रदेश जल निगम, इलाहाबाद का आगणन कम होने के कारण कार्यदायी संस्था सी.एण्ड डी.एस., यूनिट–33, उत्तर प्रदेश जल निगम, इलाहाबाद को कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है। अनुबंध की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

अतः प्रकरण योजना बोर्ड के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

योजना बोर्ड ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

योजना बोर्ड विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में कर्मचारी आवास टाइप–01 एवं टाइप–02 से सम्बन्धित निर्माण कार्य कराये जाने से अवगत हुई।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् योजना बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।

3. <u>विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों (गंगा एवं सरस्वती परिसर) में अवस्थित महाद्वारों के निर्माण/सौन्दरीकरण (रिनोवेशन) से अवगत होना</u>

विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों (गंगा एवं सरस्वती परिसर) में अवस्थित महाद्वारों के निर्माण/सौन्दरीकरण (रिनोवेशन) कार्यो हेतु स्वीकृत धनराशि रु. 12.06 लाख के आगणन के

सापेक्ष अनुबन्ध की शर्तों के अधीन प्रथम किश्त के रूप में अनुमानित लागत रु. 12.06 लाख का 80 प्रतिशत कुल धनराशि रु. 9.64 लाख कार्यदायी संस्था सी.एण्ड डी.एस., यूनिट–33, उत्तर प्रदेश जल निगम, इलाहाबाद अवमुक्त किया जा चुका है। वर्तमान में दो गेट का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा एक गेट का कार्य प्रगति पर है।

अतः प्रकरण योजना बोर्ड के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

योजना बोर्ड ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

योजना बोर्ड विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों (गंगा एवं सरस्वती परिसर) में अवस्थित महाद्वारों के निर्माण/सौन्दरीकरण (रिनोवेशन) से अवगत हुई।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् योजना बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।

4. **विश्वविद्यालय में 1000 व्यक्तियों की क्षमता के आडिटोरियम कम मल्टीपरपज (Multipurpose) हाल के निर्माण की प्रगति से अवगत होना**

विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में 1000 व्यक्तियों की क्षमता हेतु आडिटोरियम कम मल्टीपरपज हाल के निर्माण हेतु प्राप्त आगणन में रू. 988.34 लाख न्यूनतम पाए जाने पर सी. एण्ड डी.एस., यूनिट–33, उत्तर प्रदेश जल निगम, इलाहाबाद द्वारा अनुबन्ध के उपरान्त अनुबंधित धनराशि रू. 988.34 लाख का 25% (रू. 247 लाख) अग्रिम प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त किया जा चुका है। नींव का कार्य प्रगति पर है।

अतः प्रकरण योजना बोर्ड के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

योजना बोर्ड ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

योजना बोर्ड विश्वविद्यालय में 1000 व्यक्तियों की क्षमता के आडिटोरियम कम मल्टीपरपज (Multipurpose) हाल के निर्माण की प्रगति से अवगत हुई।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् योजना बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।

5. **विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में क्षेत्रीय केन्द्र, इलाहाबाद के भवन निर्माण की प्रगति से अवगत होना**

विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में क्षेत्रीय केन्द्र, इलाहाबाद का भवन निर्माण कराए जाने के निमित्त सी.एण्ड डी.एस., यूनिट–33, उ.प्र. जल निगम, इलाहाबाद द्वारा गठित अनुबन्ध की शर्त संख्या–07 के अनुसार अनुबंधित धनराशि रु. 99.42 लाख के सापेक्ष 25% अग्रिम के रूप

में रू. 24.85 लाख अवमुक्त किया जा चुका है। क्षेत्रीय केन्द्र, इलाहाबाद के भवन हेतु पाइलिंग फाउण्डेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा ग्रिड बीम का कार्य प्रगति पर है।

अतः प्रकरण योजना बोर्ड के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

योजना बोर्ड ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

योजना बोर्ड विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में क्षेत्रीय केन्द्र, इलाहाबाद के भवन निर्माण की प्रगति से अवगत हुई।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् योजना बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।

6. <u>विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस स्थित कक्ष संख्या 102 एवं 103 को मिलाकार एक वी.आई.पी. सूट बनाए जाने पर विचार</u>

विश्वविद्यालय स्थित गेस्ट हाउस में विशिष्ट अतिथियों हेतु दो कमरे सुसज्जित कराये जाने सम्बन्धी प्रकरण वित्त समिति की बैठक दिनाँक 15 फरवरी, 2016 में रखा गया जिसमें वित्त समिति ने निम्नलिखित निर्णय लिया जिसे कार्य परिषद् ने अपनी बैठक दिनाँक 06 मार्च, 2016 के संकल्प संख्या 83.14(6) में यथावत स्वीकार किया :–

कार्य परिषद् ने गेस्ट हाउस साज–सज्जा विकास कार्य एवं विश्वविद्यालय सुन्दरीकरण व अन्य निर्माण मदों के लिए अनुमोदित बजट से विश्वविद्यालय स्थित गेस्ट हाउस में 02 कमरों को पूर्णतः सुसज्जित करने का निर्णय लिया।

विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस स्थित कक्ष संख्या 102 एवं 103 को मिलाकार एक वी.आई.पी. सूट बनाया जाना प्रस्तावित है।

अतः प्रकरण योजना बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

योजना बोर्ड ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

योजना बोर्ड ने विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस स्थित कक्ष संख्या 102 एवं 103 को मिलाकार एक वी.आई.पी. सूट बनाए जाने हेतु सहमति व्यक्त की। साथ ही उसी प्रकार एक अतिरिक्त वी.आई.पी. सूट बनाये जाने की संस्तुति की।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने योजना बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

7. **विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र, इलाहाबाद स्थित आडियो विजुवल लैब को स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में विचार**

विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र, इलाहाबाद स्थित आडियो विजुवल लैब को सरस्वती परिसर स्थित पुस्तकालय भवन के प्रथम तल पर स्थानान्तरित किये जाना है।

अतः प्रकरण योजना बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

योजना बोर्ड ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

योजना बोर्ड ने विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र, इलाहाबाद स्थित आडियो विजुवल लैब को सरस्वती परिसर स्थित पुस्तकालय भवन के प्रथम तल पर स्थानान्तरित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने योजना बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

8. **विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल के निर्माण कार्य की प्रगति से अवगत होना**

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल के निर्माण का कार्य सी.एण्ड.डी.एस, यूनिट–33, उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा किया जा रहा है। इस इकाई के द्वारा 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। छत की ढलाई का कार्य प्रगति पर है।

अतः प्रकरण योजना बोर्ड के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

योजना बोर्ड ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

योजना बोर्ड विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल के निर्माण कार्य की प्रगति से अवगत हुई।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् योजना बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।

9. **विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में स्मार्ट क्लास रूम/लैब की स्थापना के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही से अवगत होना**

विश्वविद्यालय के विज्ञान विद्या शाखा तथा कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्या शाखा में स्मार्ट क्लास रूम/लैब का उपभोग विभिन्न विषयों को इ–कन्टेन्ट में बदलने, मैसिव ओपेन ऑन

लाइन कोर्स (मूक) के अन्तर्गत वीडियो लेक्चर तैयार करने में तथा वर्कशाप के आयोजन में उक्त लैब की स्थापना हेतु मूलभत आवश्यकताओं की आपूर्ति का कार्य प्रगति पर है

योजना बोर्ड ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

योजना बोर्ड विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में स्मार्ट क्लास रूम/लैब की स्थापना के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही से अवगत हुई।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् योजना बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।

10. <u>विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित सभी क्षेत्रीय केन्द्रों हेतु निजी भवन की व्यवस्था किये जाने पर विचार</u>

योजना बोर्ड ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्रों के लिए भूमि/भवन क्रय किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कुलसचिव महोदय को अधिकृत किया एवं प्रथम चरण में लखनऊ तथा वाराणसी क्षेत्रीय केन्द्रों हेतु भूमि/भवन व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने योजना बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

<u>कार्य सूची बिन्दु संख्या 41.18</u>

<u>विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों हेतु मुद्रित पाठ्य सामग्री रखे जाने हेतु गंगा परिसर स्थित बैंक के पीछे 03 मंजिला भवन निर्मित कराये जाने पर विचार</u>

विश्वविद्यालय में पर्याप्त भण्डारन व्यवस्था न होने के कारण पाठ्य सामग्री प्रति वर्ष मुद्रित करानी पड़ती है जिससे विश्वविद्यालय पर अधिक व्यय भार पड़ता है जबकि एक बार मुद्रित करायी गई सामग्री कई वर्षो तक प्रयोग में लायी जा सकती है।

अतः उक्त के दृष्टिगत प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों हेतु मुद्रित पाठ्य सामग्री रखे जाने हेतु गंगा परिसर स्थित बैंक के पीछे 03 मंजिला भवन निर्मित कराये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को यथावत स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।

कार्य सूची बिन्दु संख्या 41.19

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त क्षेत्रीय क्षेन्द्रों पर 01–01 सुविधा सम्पन्न अध्ययन केन्द्र स्थापित किये जाने पर विचार

विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित क्षेत्रीय केन्द्रों पर शिक्षार्थियों के लिए अध्ययन–अध्यापन की सुविधा के दृष्टिगत 01–01 सुविधा सम्पन्न अध्ययन केन्द्र, जिसमें प्रवेश, परामर्श, परीक्षा तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का सम्पादन सुनिश्चित कराया जा सके, स्थापित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त क्षेत्रीय क्षेन्द्रों पर 01–01 सुविधा सम्पन्न अध्ययन केन्द्र स्थापित किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

डॉ.(आर.के. पाण्डेय)
कुलसचिव

संलग्नक - 01

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

दिनांक 02 सितम्बर, 2016 को पूर्वान्ह 11.00 बजे विश्वविद्यालय कमेटी कक्ष में सम्पन्न विद्या परिषद् की 40वीं बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

1.	प्रो. एम.पी. दुबे, कुलपति, उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	अध्यक्ष
2.	प्रो. राजेन्द्र प्रसाद, कुलपति, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
3	प्रो. के.एस. मिश्र, डीन, (कला संकाय) इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
4.	प्रो. एच.एस. उपाध्याय, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
5.	डॉ. अरविन्द दीक्षित, एसोसिएट प्रोफेसर, वी.एस.एस.डी. कालेज, कानपुर	सदस्य
6.	डॉ. ओम जी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
8.	डॉ. प्रेम प्रकाश दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
9.	डॉ. आर.पी.एस. यादव, एसोसिएट प्रोफेसर, मानविकी विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
10.	प्रो. पी.के. पाण्डेय, शिक्षा.विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य
11.	डॉ. इति तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, समाज विज्ञान विद्या शाखा, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद	सदस्य

12. डॉ. श्रुति, सदस्य
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, विज्ञान विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

13. डॉ. मुकेश कुमार सदस्य
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, शिक्षा विद्या शाखा,
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

14. श्री डी.पी. त्रिपाठी सदस्य–सचिव
कुलसचिव,
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

निम्नलिखित सदस्य बैठक में उपस्थित न हो सके :

01 प्रो. बी.एम. शर्मा,
फारमर चेयरमैन, आर.एस.पी.एस.सी.,
पूर्व कुलपति, कोटा विश्वविद्यालय (राजस्थान)

02. डॉ. टी.एन. दुबे,
पुस्तकालयाध्यक्ष,
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

कार्यसूची के अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ करने के पूर्व माननीय कुलपति जी ने सम्मानित सदस्यों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया। माननीय कुलपति जी ने विद्या परिषद् के नये सम्मानित सदस्यों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा उनके सहयोग की अपेक्षा की। कुलपति जी ने नये सम्मानित सदस्यों का परिचय विद्या परिषद् के अन्य सभी सम्मानित सदस्यों से कराया।

कार्य सूची बिन्दु संख्या 40.01

विद्या परिषद् की पिछली बैठक दिनाँक 19 जून, 2015 के कार्यवृत्त की पुष्टि

दिनाँक 19 जून, 2015 को सम्पन्न विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सभी सम्मानित सदस्यों को प्रेषित की जा चुकी है। बैठक का कार्यवृत्त **संलग्नक पृष्ठ संख्या** ------- पर उपलब्ध है। किसी सदस्य से कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है। कार्यवृत्त पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने अपनी पिछली की बैठक दिनाँक 19 जून, 2015 के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

कार्य सूची बिन्दु संख्या 40.02

विद्या परिषद् की पिछली बैठक दिनाँक 19 जून, 2015 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना

विद्या परिषद् अपनी बैठक दिनाँक 19 जून, 2015 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से निम्न विवरण के अनुसार अवगत हुई :–

संकल्प संख्या	पिछली बैठक की कार्यसूची	पिछली बैठक में लिये गये निर्णय	पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही
40.01	विद्या परिषद् की बैठक दिनाँक 20 नवम्बर, 2014 के कार्यवृत्त की पुष्टि।	पुष्टि की गयी।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
40.02	विद्या परिषद् की बैठक दिनाँक 20 नवम्बर, 2014 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना।	अवगत होने से सम्बन्धित है।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
40.03	दिनाँक 03 दिसम्बर, 2014 को सम्पन्न योजना बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार		
1.	प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्यालयों हेतु भूमि/भवन व्यवस्था के उपलब्धता कराये जाने के सम्बन्ध में विचार।	योजना बोर्ड ने निर्णय लिया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्यालयों हेतु भूमि/भवन व्यवस्था के उपलब्धता हेतु आवश्यकतानुसार संरचना/प्रस्ताव (मॉडल) तैयार किया जाय एवं उसी के अनुरूप सभी क्षेत्रीय केन्द्रों हेतु स्थान का निर्धारण कर भूमि/भवन प्राप्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। विद्या परिषद् ने योजना बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है।
2.	विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मानचित्र के अनुसार प्रशासनिक भवन के अपूर्ण तलों के निर्माण कराये जाने पर विचार।	योजना बोर्ड ने संस्तुत किया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मानचित्र के अनुसार प्रशासनिक भवन के अपूर्ण तलों के निर्माण हेतु भारत सरकार के निर्माणदायी संस्था RYTES से कार्य कराये जाने की सम्भावना तलाशी जाय। मास्टर प्लान के अनुसान निर्माण कार्य के समय	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा से कार्य परिषद् अवगत हुई। *विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल का निर्माण*

		विश्वविद्यालय एक आर्कीटेक्ट के माध्यम से समय–समय पर गुणवत्ता का परीक्षण कराये। योजना बोर्ड की उक्त संस्तुति के सन्दर्भ में प्रकरण वित्त समिति की दिनाँक 10–03–2015 के बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। *"वित्त समिति ने निम्नलिखित संस्तुतियां की :–* (1) *"राज्य सरकार द्वारा नामित राजकीय निर्माण एजेन्सियों से आगणन प्राप्त कर न्यून दर वाली राजकीय एजेन्सी से कार्य कराया जाय।"* (2) *भूतल का निर्माण पूर्व में पूर्ण हो चुका है। अतः प्रथम तल बनवाने की जो भी औपचारिकतायें/प्रमाण पत्र की आवश्यकता हो उसे सम्बन्धित से प्राप्त कर लिया जाय।* (3) *विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्रोत्रों से निर्माण कराया जाय। शासन से अनुदान प्राप्त होने पर इसकी प्रतिपूर्ति की जाय।"* वित्त समिति की अनुशंसा को विचारोपरान्त कार्य परिषद् ने अपनी बैठक दिनाँक 24 मार्च, 2015 को यथावत स्वीकार किया। विद्या परिषद् कार्य परिषद् की अनुशंसा से अवगत हुई।	*कार्य सी.एन.डी., स., यूनिट–33, जल निगम, इलाहाबाद द्वारा किया जा रहा है। कार्य प्रगति पर है।*
3.	विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर में अवस्थित दीक्षान्त समारोह प्रांगण का नामकरण "महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी" के नाम से किए जाने पर विचार।	योजना बोर्ड ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर में अवस्थित मैदान का नामकरण "महामना पं. मदन मोहन मालवीय दीक्षान्त समारोह प्रांगण" के नाम से किए जाने की संस्तुति की।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा से कार्य परिषद् अवगत हुई। कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं

		सम्बन्धित प्रकरण कार्य परिषद् की दिनाँक 23 नवम्बर, 2014 की बैठक में प्रस्तुत किया गया था जिसे कार्य परिषद् द्वारा स्वीकार किया जा चुका है। विद्या परिषद् कार्य परिषद् की अनुशंसा से अवगत हुई।	है।
4.	विश्वविद्यालय में शिक्षार्थियों के उत्तरोत्तर वृद्धि एवं अन्य बढ़ते हुए कार्यों के दृष्टिगत विश्वविद्यालय परिसर में बैंक एवं पोस्ट ऑफिस की व्यवस्था किये जाने पर विचार।	योजना बोर्ड ने विश्वविद्यालय में शिक्षार्थियों के उत्तरोत्तर वृद्धि एवं अन्य बढ़ते हुए कार्यों के दृष्टिगत विश्वविद्यालय परिसर में बैंक एवं पोस्ट ऑफिस की व्यवस्था किये जाने की संस्तुति की। विद्या परिषद् ने योजना बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
5.	विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के परिसर में शिक्षार्थियों/ अन्य वाह्य आगन्तुकों हेतु प्रसाधन कक्ष आदि का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में विचार।	योजना बोर्ड ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के परिसर में शिक्षार्थियों/ अन्य वाह्य आगन्तुकों हेतु प्रसाधन कक्ष आदि का निर्माण कराये जाने की संस्तुति की। प्रसाधन निर्माण हेतु सी.एण्ड डी.एस., उ.प्र. जल निगम, यूनिट–33, इलाहाबाद एवं राजकीय निर्माण निगम, कौशाम्बी ईकाई, फाफामऊ, इलाहाबाद से भी आगणन प्राप्त किया गया। राजकीय निर्माण निगम द्वारा उपलब्ध कराया गया आगणन रू. 15.80 लाख न्यूनतम था। अतः विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्रोतों से प्रसाधन कक्ष का निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव वित्त समिति की बैठक दिनाँक 10–03–2015 में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। *"वित्त समिति ने यथा प्रस्तवित अनुमोदित करने की संस्तुति की।"* वित्त समिति की अनुशंसा को विचारोपरान्त	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न. कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा से कार्य परिषद् अवगत हुई। निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होने की सम्भावना है।

		कार्य परिषद् ने अपनी बैठक दिनाँक 24 मार्च, 2015 में यथावत स्वीकार किया जा चुका है। विद्या परिषद् कार्य परिषद् की अनुशंसा से अवगत हुई।	
6.	विश्वविद्यालय के प्रशासनिक/ शैक्षणिक परिसर के सौन्दरीकरण के दृष्टिगत बागवानी एवं लैण्ड स्केपिंग की व्यवस्था किये जाने पर विचार।	योजना बोर्ड ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक/शैक्षणिक परिसर के सौन्दरीकरण हेतु कार्य परिषद् की बैठक दिनाँक 19 दिसम्बर, 2009 के संकल्प संख्या 41.03 के दृष्टिगत बागवानी एवं लैण्ड स्केपिंग की व्यवस्था किये जाने की संस्तुति की। प्रकरण कार्य परिषद् की बैठक दिनाँक 23–11–2014 के संकल्प संख्या 76.10 में प्रस्तुत किया गया जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिया गया :– "विश्वविद्यालय के प्रशासनिक/शैक्षणिक परिसर के सौन्दर्यीकरण के दृष्टिगत बागवानी/लैण्ड स्केपिंग की व्यवस्था किये जाने के प्रस्ताव को कार्य परिषद् ने सिद्धान्त रूप से स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।" विद्या परिषद् कार्य परिषद् की अनुशंसा से अवगत हुई।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा से कार्य परिषद् अवगत हुई। कार्यवाही की जा रही है।
7.	विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर में निर्माणाधीन केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल के अपूर्ण निर्मित भाग को पूर्ण कराये जाने पर विचार।	"योजना बोर्ड ने संस्तुत किया कि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर में निर्माणाधीन केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल के अपूर्ण निर्मित भाग को पूर्ण कराये जाने हेतु कार्यदायी संस्था को 15 दिनों का समय देते हुए आख्या प्राप्त किया जाय कि विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये धनराशि रु. 96.60 लाख के सापेक्ष कार्य पूर्ण है अथवा शेष है। इसके पश्चात् ही अग्रतर कार्यवाही की	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा से कार्य परिषद् अवगत हुई। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर में निर्माणाधीन केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस नवनिर्मित केन्द्रीय

		जाय।"	पुस्तकालय का लोकार्पण मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा दिनाँक 05 सितम्बर, 2015 को किया जा चुका है।
		उक्त संस्तुति के क्रम में यह भी अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण में भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग उ0 प्र0 इलाहाबाद के सम्प्रेक्षकों द्वारा निम्नलिखित बिंदु इंगित किया गया है :– (i) कार्यदायी संस्था उ0 प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 कौशाम्बी इकाई इलाहाबाद के रु0 157.10 लाख के प्रेषित आगणन को दूरस्थ शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। कार्यदायी संस्था उ0 प्र0 रा0 निर्माण निगम लि0 कौशाम्बी इकाई इलाहाबाद के साथ दिनांक 31.03.2012 को अनुबन्ध किया गया। कार्य प्रारम्भ होने की तिथि 05/2012 एवं कार्यपूर्ण की तिथि 08/2013 थी। उ0 प्र0 राजकीय निर्माण निगम को कार्य आदेश जारी किया गया तथा 96.60 लाख एक मुश्त उपलब्ध कराये गये। कार्यदायी संस्था ने दिनांक 12.12.2012 को यह सूचित किया कि भूतल का कार्य पूर्ण एवं प्रथम तल का कार्य प्रगति पर है तथा 96.60 लाख व्यय हो गयी। निर्माण कार्य जारी रखने के लिए तत्काल धन की आवश्यकता थी तथा दिनांक 23.11.2012 को कार्य बन्द कर दिया । (ii) दूरस्थ शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली से वित्तीय वर्ष 2012–13 एवं 2013–14 में भवन निर्माण हेतु कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई एवं न ही विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्रोतों से व्यवस्था की गयी। फलतः रू. 96.60 लाख की धनराशि अलाभकारी रही। अतः आडिट आपत्ति को देखते हुए उक्त कार्य के सापेक्ष व्यय की गई धनराशि रु. 96.60 लाख अलाभकारी न हो, इस हेतु	

		विश्वविद्यालय को अपने श्रोतों से धन की व्यवस्था की जानी होगी एवं वर्षों से बंद कार्य को शुरू करना होगा। उ0 प्र0 राजकीय निर्माण निगम ने अपने पत्र सं0 12/इला./कौशाम्बी इकाई/राजकीय निर्माण निगम/पुस्तकालय भवन/14 दिनांक 19.01.2015 द्वारा 96.60 लाख के कार्य पूर्ण किये जाने की सूचना दी गयी है तथा स्वीकृत धनराशि रु0 157.10 लाख के सापेक्ष अवशेष धनराशि रु. 60.50 लाख को तत्काल अवमुक्त करने का पुनः अनुरोध किया है जिससे कार्य आरम्भ हो सके। अतः विश्वविद्यालय के स्रोतों से उक्त कार्य हेतु बजट प्रावधान हेतु प्रकरण वित्त समिति की बैठक दिनाँक 10–03–2015 में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। *"वित्त समिति ने यथा प्रस्तवित अनुमोदित करने की संस्तुति की।"* वित्त समिति की अनुशंसा को विचारोपरान्त कार्य परिषद् ने अपनी बैठक दिनाँक 24 मार्च, 2015 के संकल्प संख्या 79.01 (3) द्वारा यथावत स्वीकार किया। विद्या परिषद् कार्य परिषद् की अनुशंसा से अवगत हुई।	
8.	विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में कैंटीन की व्यवस्था किये जाने हेतु माननीय कुलपति जी के आदेश से अवगत होना।	योजना बोर्ड विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में कैंटीन की व्यवस्था किये जाने सम्बन्धी कुलपति जी के आदेश से अवगत हुई। विद्या परिषद् योजना बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा से कार्य परिषद् अवगत हुई। कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
9.	विश्वविद्यालय में 500 व्यक्तियों की क्षमता के आडिटोरियम निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में विचार।	योजना बोर्ड ने विश्वविद्यालय में 500 व्यक्तियों की क्षमता के आडिटोरियम निर्माण कराये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव की संस्तुति की।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा

		विद्या परिषद् ने योजना बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	को यथावत स्वीकार किया गया। दिनाँक 01 दिसम्बर, 2015 को योजना बोर्ड की बैठक में विश्वविद्यालय में 1000 व्यक्तियों की क्षमता के आडिटोरियम कम मल्टीपरपज (Multipurpose) हाल का निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया था। दिनाँक 15 फरवरी, 2016 को वित्त समिति ने अपनी बैठक में योजना बोर्ड की संस्तुति को यथावत स्वीकार किया। दिनाँक 06–03–2016 को कार्य परिषद् ने अपनी बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिया :– वित्त समिति की अनुशंसा को विचारोपरान्त कार्य परिषद् ने यथावत स्वीकार किया। कार्य परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि 1. शासन द्वारा नामित एजेन्सी से मानचित्र तदुपरान्त आगणन प्राप्त किया जाय। 2. स्वयं के संसाधनों से निर्माण कराये जाने एवं सासन से धनराशि की मांग की जाय। धनराशि प्राप्त होने पर प्रतिपूर्ति की जाय। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा

			चुकी है।
38.04	विद्या परिषद् की आपातकालीन बैठक दिनाँक 27 दिसम्बर, 2014 के कार्यवृत्त की पुष्टि।	पुष्टि की गयी।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
38.05	विद्या परिषद् की आपातकालीन बैठक दिनाँक 27 दिसम्बर, 2014 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना।	अवगत होने से सम्बन्धित है।	सम्बन्धित कार्यवाही तदनुसार की जा रही है।
38.06	विद्या परिषद् की बैठक दिनाँक 13 फरवरी, 2015 के कार्यवृत्त की पुष्टि।	पुष्टि की गयी।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
38.07	विद्या परिषद् की बैठक दिनाँक 13 फरवरी, 2015 में लिए गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही से अवगत होना।	अवगत होने से सम्बन्धित है।	सम्बन्धित कार्यवाही तदनुसार की जा रही है।
38.08	<u>दिनाँक 07–02–2015 को सम्पन्न मान्यता बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार</u>		
1.	सत्र 2013–14 में संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन की अनुमति प्रदान करने हेतु तत्कालीन कुलपति के आदेश से अवगत होना।	*मान्यता बोर्ड सत्र 2013–14 में संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन की अनुमति प्रदान करने हेतु तत्कालीन कुलपति के आदेश से अवगत हुई।* विद्या परिषद् मान्यता बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।
2.	सत्र 2013–14 में विषेष अभियान के अन्तर्गत खोले गये 47 अध्ययन केन्द्रों के स्थापना से सम्बन्धित तत्कालीन कुलपति के आदेश से अवगत होना।	*मान्यता बोर्ड सत्र 2013–14 में विषेष अभियान के अन्तर्गत खोले गये 47 अध्ययन केन्द्रों के स्थापना से सम्बन्धित तत्कालीन कुलपति के आदेश से अवगत हुई।* विद्या परिषद् मान्यता बोर्ड की अनुशंसा से अवगत हुई।	कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

3.	आगामी सत्र 2015–16 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना एवं पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों को अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में विचार	*मान्यता बोर्ड ने आगामी सत्र 2015–16 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना एवं पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों को अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु निम्न संस्तुतियाँ की :–* (i) *नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना एवं पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों को अतिरिक्त कार्यक्रम के संचालन हेतु अनुमति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के द्वारा निर्गत पत्र संख्या F.No. UGC/DEB/QMC/2013 दिनांक 09 सितम्बर 2014 के बिन्दु संख्या (IV) के दृष्टिगत आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित किया जाय।* (ii) *संस्थानों में स्थापित पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों से विष्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के द्वारा निर्गत पत्र संख्या F.No. UGC/DEB/QMC/2013 दिनांक 09 सितम्बर 2014 के बिन्दु संख्या (IV) के परिप्रेक्ष्य में उनके वर्तमान स्थिति* (Present Status) *के सम्बन्ध में शपथ–पत्र प्राप्त किया जाय।* विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
4.	शिक्षार्थियों की संख्या शून्य से छः तक होने के कारण कतिपय अध्ययन केन्द्रों के संचालन को सत्र 2015–16 से स्थगित/निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में विचार।	*मान्यता बोर्ड ने ऐसे अध्ययन केन्द्रों, जहाँ वर्ष 2014–15 में शिक्षार्थियों की संख्या शून्य से छः तक है, के सम्बन्ध में निम्न संस्तुतियाँ की :–* (i) *महाविद्यालयों में स्थापित अध्ययन केन्द्रों, जहाँ शिक्षार्थियों की संख्या शून्य है,*	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा

		को निरस्त किया जाय। (ii) *उ. प्र. शासन द्वारा स्थापित महाविद्यालयों में संचालित अध्ययन केन्द्रों, जहाँ शिक्षार्थियों की संख्या 01 से 06 तक है, को इस आषय का पत्र प्रेषित किया जाये कि वह अपने अध्ययन केन्द्र पर छात्र संख्या को बढ़ायें।* (iii) *संस्थानों में स्थापित अध्ययन केन्द्रों, जहाँ शिक्षार्थियों की संख्या शून्य से 06 तक है, को निरस्त किया जाय।* विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	चुकी है।
5.	अध्ययन केन्द्र नेशनल पी.जी. कालेज, लखनऊ (S-33) द्वारा अपने अध्ययन केन्द्र के शिक्षार्थियों का दिसम्बर, 2014 परीक्षा के सापेक्ष अधिन्यास क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ पर समय से न जमा किये जाने के कारण सम्बन्धित परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जाने से परीक्षा से वंचित रह जाने सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।	*मान्यता बोर्ड ने आगामी सत्र से अध्ययन केन्द्र नेशनल पी.जी. कालेज, लखनऊ को बन्द करने की संस्तुति की। इसके अतिरिक्त मान्यता बोर्ड ने उक्त केन्द्र के पंजीकृत सभी शिक्षार्थियों को उनकी इच्छानुसार ऐसे अध्ययन केन्द्रों, जहाँ शिक्षार्थियों से सम्बन्धित कार्यक्रम पूर्व से संचालित हो, पर सम्बद्ध किये जाने एवं क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ पर सम्बन्धित शिक्षार्थियों द्वारा अधिन्यास जमा किये जाने की भी संस्तुति की।* विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
38.09	दिनाँक 02–05–2015 को मान्यता बोर्ड की सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर विचार		
1.	सत्र 2015–16 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु प्राप्त प्रस्तावों/आवेदन पत्रों पर विचार।	*मान्यता बोर्ड ने सत्र 2015–16 में नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा गठित स्क्रीनिंग समिति की संस्तुति के अनुसार कुल 152 आवेदन पत्रों/प्रस्तावों में से 128 महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र स्थापित करने हेतु उपयुक्त पाया एवं कुल 12 महाविद्यालयों को विष्वविद्यालय मानकों की*	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया।

		पूर्ति न होने के कारण असंस्तुत/ विचाराधीन किया। साथ ही स्क्रीनिंग समिति ने कुल 12 संस्थानों को विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र स्थापित करने से पूर्व स्थलीय निरीक्षण करने हेतु संस्तुति से सहमत हुई। विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
2.	पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन की अनुमति प्रदान किये जाने से सम्बन्धित प्राप्त प्रस्तावों/आवेदन पत्रों पर विचार।	*मान्यता बोर्ड पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों को वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा गठित स्क्रीनिंग समिति की संस्तुति के अनुसार कुल 66 आवेदन पत्रों/प्रस्तावों में से आगामी सत्र जुलाई 2015 से विवविद्यालय द्वारा निर्धारित मानक की पूर्ति होने पर कुल 44 प्रस्तावों को वांछित अतिरिक्त कार्यक्रम प्रदान किये जाने की संस्तुति की तथा कुल 22 प्रस्तावों को विष्वविद्यालय के मानक की पूर्ति न होने के कारण असंस्तुत/विचाराधीन किये जाने की अनुशंसा से सहमत हुई।* विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
3.	पूर्व की प्रस्तुत सूची में कम्प्यूटर की तकनीकी खराबी के कारण छः से अधिक छात्र संख्या वाले कुछ अध्ययन केन्द्र को स्थगन/निरस्त करने की श्रेणी में प्रस्तुत कर दिया गया था। ऐसे अध्ययन केन्द्रों के पूर्ववत् संचालन पर विचार।	*मान्यता बोर्ड प्रश्नगत अध्ययन केन्द्रों को स्थापित रखते हुए पूर्ववत् संचालित करने हेतु सहमत हुई।* विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार ऐसे केन्द्रों के पुनः संचालन हेतु कार्यवाही की जा चुकी है।
4.	पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, मेरठ एवं आगरा जनपदों में स्थापित नये क्षेत्रीय केन्द्रों तथा बुन्देलखण्ड परिक्षेत्र के झांसी जनपद में पूर्व से स्वीकृत क्षेत्रीय केन्द्र को स्थापित करते हुए संचालित किये जाने पर विचार।	*मान्यता बोर्ड पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शिक्षार्थियों एवं अभिभावकों की मांग व उनके हितो को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद, मेरठ एवं आगरा जनपदों में नये क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित किये जाने से सहमत हुई। साथ ही भौगोलिक दृष्टि से*	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं

		पिछड़े बुन्देलखण्ड परिक्षेत्र में झांसी तथा कानपुर में भी क्षेत्रीय केन्द्र खोले जाने की आवश्यकता पर सहमति प्रदान की। विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	है।
5.	नये अध्ययन केन्द्रों की स्थापना एवं पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्रों द्वारा वांछित अतिरिक्त कार्यक्रमों के आवंटन हेतु समय–समय पर प्राप्त आवेदन पत्रों/प्रस्तावों पर विचार।	*मान्यता बोर्ड ने नये अध्ययन केन्द्रों के स्थापना एवं पूर्व से संचालित अध्ययन केन्द्र को वांछित अतिरिक्त कार्यक्रम प्रदान किये जाने हेतु मा0 कुलपति जी को अधिकृत किया।* विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा रही है।
6.	भारतीय पुनर्वास परिषद् (RCI) के पत्र 10-122/NP/2014/UP/RCI दिनांक 25.11.14 के क्रम में फ्रेंड्स आफ हैण्डीकैप्ड स्वामी सत्यानन्द सरस्वतिम "वाणी" स्कूल एण्ड रिसर्च सेन्टर फार हियरिंग इम्पेयर्ड एण्ड मेन्टली रिटार्डेड चिल्ड्रेन, पी0–1, पल्लवपुरम् फेज–II मेरठ, को विवविद्यालय का B.Ed.SE.(Hearing Impairment) कार्यक्रम हेतु अध्ययन केन्द्र स्थापित करने पर विचार।	*मान्यता बोर्ड ने प्रश्नगत प्रकरण पर विचार किया तथा सम्बन्धित संस्था को मा0 कुपलति जी द्वारा गठित निरीक्षण दल की संस्तुति एवं RCI के पत्र 10-122/NP/2014/UP/RCI दिनांक 25.11.14 के क्रम में B.Ed.SE.(Hearing Impairment) कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र स्थापित करने हेतु सहमत हुई।* विद्या परिषद् ने मान्यता बोर्ड की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
38.10	DOEACC Society द्वारा संचालित 'ए' लेवल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय में Lateral Entry के माध्यम से सीधे एम.सी.ए. के द्वितीय वर्ष में प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में दिनाँक 15–12–2014 द्वारा गठित समिति की बैठक दिनाँक 26 दिसम्बर,	विद्या परिषद् ने विचारोपरान्त प्रश्नगत प्रकरण को तद्सम्बन्धी गठित समिति के पुनर्विचारार्थ सन्दर्भित किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ओ.यू./इ.सी.

	2014 के कार्यवृत्त पर विचार।		/(38)–80/901/2015 दिनाँक 24–09–2015 द्वारा सम्बन्धित निर्णय से निदेशक प्रबन्धन अध्ययन विद्या शाखा को अवगत कराया जा चुका है।
38.11	राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई.–833/12–जी.एस./2012, दिनाँक 30–01–2015 द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसरण में द्विवर्षीय एकल विषय में स्नातक कला एवं विज्ञान कार्यक्रमों के संशोधित अध्यादेश पर विचार।	विद्या परिषद् ने राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या ई.–833/12–जी.एस./2012, दिनाँक 30–01–2015 द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसरण में द्विवर्षीय एकल विषय में स्नातक कला एवं विज्ञान कार्यक्रमों के तैयार संशोधित अध्यादेश को स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के अनुमोदनार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के पत्राँक ओ.यू./ई.सी./38/750/2015 दिनाँक 22–08–2015 द्वारा सचिव, कुलाधिपति/श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, राजभवन, लखनऊ को संशोधित अध्यादेश मा. कुलाधिपति जी के संज्ञान में लाये जाने हेतु प्रेषित किया गया। तद्नुक्रम में राज्यपाल सचिवालय के क्रमशः पत्र संख्या ई–9155/12–जी.एस./2012 दिनाँक 16–09–2015 एवं पत्र संख्या ई–12148/11886/12–जी.एस./2012 दिनाँक 10–12–2015 द्वारा वांछित सूचना का उत्तर विश्वविद्यालय के पत्राँक संख्या ओ.यू./1020/2015 दिनाँक 06–11–2015 एवं ओ.यू./1364/2016 दिनाँक 06–01–2016 द्वारा प्रेषित

			किया जा चुका है।
38.12	शिक्षा-विद्या शाखा के स्कूल बोर्ड की सम्पन्न बैठक की संस्तुतियों पर विचार।	विद्या परिषद् ने शिक्षा विद्या शाखा के स्कूल बोर्ड की सम्पन्न बैठकों की अनुशंसा को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ओ.यू./ई.सी./(38)/732/2015 दिनाँक 19–08–2015 द्वारा निदेशक शिक्षा विद्या शाखा को सूचित किया जा चुका है।
38.13	सत्र 2015–16 से संचालित सभी कार्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया एवं प्रवेश शुल्क को ऑन लाइन किये जाने पर विचार।	विद्या परिषद् ने सत्र 2015–16 से संचालित सभी कार्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया एवं प्रवेश शुल्क को ऑन लाइन किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
38.14	बी.एड., बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) एम. बी.ए. एवं एम.सी.ए. कार्यक्रम के प्रवेश परीक्षा के पंजीकरण का कार्य ऑनलाइन किये जाने पर विचार।	विद्या परिषद् ने बी.एड., बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. कार्यक्रम के प्रवेश परीक्षा के पंजीकरण का कार्य ऑनलाइन किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
38.15	बी.एड. स्व–अध्ययन सामग्री के लेखकों के नामों पर विचार।	विद्या परिषद् ने बी.एड. स्व–अध्ययन सामग्री के लेखकों के नामों की सूची को स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के

			पत्र संख्या ओ.यू./ई.सी./(38)/846/2015 दिनाँक 10–09–2015 द्वारा निदेशक, शिक्षा विद्या शाखा को सूचित किया जा चुका है।
38.16	विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं अन्य शुल्क के वृद्धि के सम्बन्ध में गठित समिति की अनुशंसा पर विचार।	विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं अन्य शुल्क के वृद्धि के सम्बन्ध में गठित समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
38.17	विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक कला/विज्ञान कार्यक्रम के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रम को चयन करने हेतु अनुदेश के सम्बन्ध में संशोधन किये जाने हेतु दिनाँक 09–06–2015 के कार्यवृत्त पर विचार।	विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक कला/विज्ञान कार्यक्रम के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रम को चयन करने हेतु अनुदेश के सम्बन्ध में संशोधन किये जाने हेतु दिनाँक 09–06–2015 के कार्यवृत्त को यथावत स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
38.18	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र दिनाँक 08 जनवरी, 2015 के सन्दर्भ में विभिन्न कार्यक्रमों में विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (CBCS) एवं कौशल विकास के क्रेडिट ढाँचा (CFSD) के क्रियान्वयन हेतु पाठ्यक्रम संरचना में परिवर्तन के सम्बन्ध में विभिन्न विद्या शाखाओं के विद्या शाखा बोर्ड की सम्पन्न बैठकों की संस्तुतियों पर विचार।	विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र दिनाँक 08 जनवरी, 2015 के सन्दर्भ में विभिन्न कार्यक्रमों में विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (CBCS) एवं कौशल विकास के क्रेडिट ढाँचा (CFSD) के क्रियान्वयन हेतु पाठ्यक्रम संरचना में परिवर्तन के सम्बन्ध में विभिन्न विद्या शाखाओं के विद्या शाखा बोर्ड की सम्पन्न बैठकों की संस्तुतियों को यथावत स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के विचारार्थ संस्तुत किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार कार्यवाही की जा चुकी है।
38.19	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विनियम 2010 के अनुक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों आदि की अर्हताओं एवं सेवाशर्तो आदि से	विद्या परिषद् ने विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के शिक्षकों आदि की अर्हताओं एवं सेवाशर्तो आदि से सम्बन्धित परिनियमों में विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक संशोधन करते	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया

	सम्बन्धित परिनियमों में संशोधनों पर विचार।	हुए तैयार किये गये संशोधित परिनियम के प्रस्ताव को अस्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।	गया। निर्णयानुसार कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
38.20	बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) स्व–अध्ययन सामग्री के लेखकों के नामों पर विचार।	विद्या परिषद् ने बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) स्व–अध्ययन सामग्री के लेखकों के नामों की सूची को स्वीकार किये जाने का निर्णय लिया।	दिनाँक 20–06–2015 को सम्पन्न कार्य परिषद् की बैठक में विद्या परिषद् की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया गया। निर्णयानुसार विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ओ.यू./ई.सी./(38)/846/2015 दिनाँक 10–09–2015 द्वारा निदेशक, शिक्षा विद्या शाखा को सूचित किया जा चुका है।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 40.03

दिनाँक 27–01–2015 को सम्पन्न परीक्षा समिति की आपातकालीन बैठक के कार्यवृत्त पर विचार

1. परीक्षा दिसम्बर–2014 के उत्तर पुस्तिकाओं का शीघ्र मूल्यांकन कराने हेतु नोडल मूल्यांकन केन्द्र एवं नोडल प्रभारी नियुक्त करने पर विचार

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति ने निर्णय लिया कि–

1. परीक्षा दिसम्बर–2014 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराने हेतु बरेली, लखनऊ व इलाहाबाद तीन नोडल केन्द्र बनाये जायें।
2. नोडल प्रभारी द्वारा मूल्यांकन कराने से पूर्व अथवा पश्चात मे मूल्यांकन कर्त्ताओं की सूची अवश्य अनुमोदित करा ली जाय।
3. निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा भी क्षेत्रीय कार्यालय पर मूल्यांकन करने वाले परीक्षकों की अहर्ता का ध्यान रखा जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

2. मूल्यांकन केन्द्र/नोडल प्रभारी के मानदेय पर विचार

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति ने निर्णय लिया कि–

1. पूर्व की व्यवस्था में बाह्य नोडल प्रभारियों के लिए मानदेय निर्धारित था किन्तु आन्तरिक नोडल प्रभारी हेतु कोई मानदेय नहीं था। समिति ने संस्तुति की कि आन्तरिक नोडल प्रभारी को भी बाह्य नोडल प्रभारी के समतूल्य मानदेय दिया जाय।
2. नोडल प्रभारी के मानदेय के पुनरीक्षण एवं उपरि–सीमा पर विचार करने हेतु एक समिति का गठन किया जाय जिसमें समस्त निदेशक गण, वित्त अधिकारी, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक होगें एवं समस्त पहलुओं पर अध्ययन करने के पश्चात अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

3. विश्वविद्यालय के मूल्यांकन कर्ता को 100 उत्तर पुस्तिकाओं का एक बण्डल घर ले जाकर मूल्यांकन करने एवं एक दिन पश्चात् मूल्यांकित पुस्तिकाएं वापस करने पर ही दूसरा 100 उत्तर पुस्तिकाओं का बण्डल देने पर विचार

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति ने निर्णय लिया कि–

1. 01 पैकेट (लगभग 100 उ0पु0) का मूल्यांकन करने हेतु अधिकतम तीन दिन का समय दिया जाय।
2. नोडल प्रभारी द्वारा मूल्यांकित कॉपियाँ प्राप्त करने के पश्चात Randomly Check करा लिया जाय कि सभी उ0पु0 ठीक प्रकार से Check हुई है या नहीं। तत्पश्चात दूसरा उ0पुस्तिकाओं का बण्डल मूल्यांकन हेतु दिया जाय।
3. मूल्याँकन करने हेतु कॉपियाँ देते समय मूल्यांकन कर्ता का PAN No., बैंक का नाम तथा परीक्षक का अंग्रेजी के Capital Letters में (जैसा बैंक A/C मे है), IFS Code, A/C No. आदि की जानकारी ले लिया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

4. <u>विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गये उड़ाका दल के सदस्यों के पारिश्रमिक को पालीवार करने एवं ठहराव का दर अनुमन्य करने पर विचार</u>

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति के निर्णय लिया कि–

कार्य सूची के बिन्दु सं. 18.02 के बिन्दु के अनुसार गठित समिति को इस प्रकरण को भी विचारार्थ एवं संस्तुति हेतु सन्दर्भित किया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

5. <u>विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा लेने गये परीक्षकों के ठहराव के दर अनुमन्य करने पर विचार</u>

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति के निर्णय लिया कि–

कार्य सूची के बिन्दु सं. 18.02 के बिन्दु के अनुसार गठित समिति को इस प्रकरण को भी विचारार्थ एवं संस्तुति हेतु सन्दर्भित किया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

6. <u>विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु स्थापित कंट्रोल रूम में सम्बद्ध शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को मानदेय दिये जाने पर विचार</u>

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति के निर्णय लिया कि–

कार्य सूची के बिन्दु सं. 18.02 के बिन्दु के अनुसार गठित समिति को इस प्रकरण को भी विचारार्थ एवं संस्तुति हेतु सन्दर्भित किया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

कार्यसूची बिन्दु संख्या 40.04

दिनाँक 27–02–2015 को सम्पन्न परीक्षा समिति की आपातकालीन बैठक के कार्यवृत्त पर विचार

मा0 जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष फोरम, गोरखपुर में योजित वाद संख्या–76/2013, कु0 विरक्ति राय बनाम परीक्षा नियंत्रक, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, के प्रकरण पर विचार

1. कु0 विरक्ति राय ने वर्ष 2001 में बी.ए. कार्यक्रम में प्रवेश लिया था तथा बी.ए. कार्यक्रम पूर्ण करने के लिए एक प्रश्न पत्र UGPH-02 जून 2008 की परीक्षा में उत्तीर्ण किया। इस प्रकार कु0 विरक्ति राय ने जून 2008 परीक्षा के सापेक्ष बी.ए. कार्यक्रम पूर्ण किया। कु0 विरक्ति राय ने स्वीकार किया है कि UGPH-02 प्रश्न पत्र की परीक्षा देनी शेष थी, जिसके लिए वह पुनः पंजीकरण कराकर जून 2008 की परीक्षा में सम्मिलित हुई।
2. कु0 विरक्ति राय ने वर्ष 2004 मे एम.ए. कार्यक्रम मे प्रवेश लिया था तथा जून 2007 मे परीक्षा उत्तीर्ण कर एम.ए. कार्यक्रम का अंकपत्र एवं डिग्री प्राप्त कर चुकीं हैं। जबकि उनका बी.ए. कार्यक्रम जून 2008 की परीक्षा मे पूर्ण हुआ। अतः कु0 विरक्ति राय को विश्वविद्यालय के पत्रांक ओ0यू0/1009/2013 दिनांक 07/09/2013 प्रेषित कर एम.ए. कार्यक्रम के प्रवेश को निरस्त करते हुए "अंकपत्र व उपाधि क्यों न निरस्त कर दिये जायें" के सम्बन्ध में 15 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु सूचित किया गया था, जो अद्यतन अप्राप्त है।
3. कु0 विरक्ति राय द्वारा बी.ए. कार्यक्रम में प्रवेश वर्ष 2001 मे लिया गया एव बी.ए. कार्यक्रम से सम्बन्धित एक प्रश्नपत्र UGPH-02 की जून 2008 की परीक्षा मे सम्मिलित हो कर बी.ए. कार्यक्रम पूर्ण की है। अतः जून 2008 परीक्षा के सापेक्ष कु0 विरक्ति राय का बी.ए. का अंकपत्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत किया जाना नियमानुकूल है।
4. विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति ने दिनांक 14 अगस्त, 2013 की बैठक में प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए वर्ष 2007 में कु0 विरक्ति राय के एम.ए. कार्यक्रम के निर्गत अंकपत्र एवं उपाधि को निरस्त करने व सूचना प्रेषित करने का निर्णय लिया जिसे कार्य परिषद ने अपनी बैठक दिनांक 15 दिसम्बर, 2013 की बैठक मे संकल्प संख्या 72.05 के अन्तर्गत स्वीकार किया है।

अतः कु0 विरक्ति राय द्वारा अपने एम.ए. कार्यक्रम उत्तीर्ण करने का अंकपत्र एवं उपाधि विश्वविद्यालय को वापस करने के पश्चात् ही इनके बी.ए. कार्यक्रम की उपाधि निर्गत करना नियमानुकूल है।

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिया कि–

1. कुमारी विरक्ति राय को विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत उनके एम0ए0 कार्यक्रम के अंकपत्र व उपाधि को निरस्त करने का कारण बताते हुए अंकपत्र व उपाधि निरस्त करने की सूचना/पत्र प्रेषित कर दे दी जाय।
2. कुमारी विरक्ति राय के एम0ए0 कार्यक्रम की अंकतालिका एवं उपाधि निरस्त करने की सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाय एवं दैनिक समाचार पत्रों में भी सूचना प्रकाशित करा दी जाय।
3. कुमारी विरक्ति राय की जून–2008 की परीक्षा के सापेक्ष बी0ए0 कार्यक्रम की उपाधि निर्गत करते हुए उपभोक्ता फोरम, गोरखपुर में प्रस्तुत कर दिया जाय। साथ ही उपभोक्ता फोरम, गोरखपुर को कुमारी विरक्ति राय के कार्यक्रम बी0ए0 की उपाधि जून–2008 की परीक्षा के सापेक्ष देने एवं एम0ए0 कार्यक्रम का अंकपत्र व उपाधि निरस्त करने का भी पूर्ण विवरण उपलब्ध करा दिया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

<u>कार्यसूची बिन्दु संख्या 40.05</u>

<u>दिनाँक 08 जुलाई, 2015 को सम्पन्न परीक्षा समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार</u>

1. <u>विगत सत्र के UFM एवं संवीक्षा के निर्णय से अवगत होना</u>

परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा समिति को विगत सत्र के UFM एवं संवीक्ष के निर्णय की कार्यवाही से अवगत कराया।

(i) परीक्षा सत्र दिसम्बर 2014 में 18 परीक्षार्थी अनुचित साधन के प्रयोग में आरोपित थे। **(संलग्नक–..... पृष्ठ संख्या .....)**

(ii) परीक्षा सत्र दिसम्बर 2014 में में कुल 31 परीक्षार्थियों के आवेदन पत्रों पर परीक्षार्थियों के उत्तर पुस्तिकाओं की संवीक्षा की गई। **(संलग्नक–..... पृष्ठ संख्या .....)**

परीक्षा समिति ने विगत सत्र के UFM एवं संविक्षा के निर्णय की पुष्टि की।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् परीक्षा समिति की अनुशंसा से अवगत हुई।

2. केन्द्र निर्धारण की प्रक्रिया (इस वर्ष अपनाई गयी प्रक्रिया एवं आगामी वर्षों हेतु मानकों) की समीक्षा

परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा समिति को परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु पूर्व के दिशा निर्देश से अवगत कराया जिसका विवरण निम्नवत हैः–

परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु दिशा निर्देश

1. परीक्षा केन्द्र सामान्य रूप से उन्हीं महाविद्यालयों को बनाया जायेगा जो किसी अन्य राज्य विश्वविद्यालय के मान्यता प्राप्त परीक्षा केन्द्र हों।
2. परीक्षा केन्द्र यथासम्भव राजकीय महाविद्यालय एवं अनुदानित महाविद्यालय में ही बनाये जायेगे।
3. परीक्षा केन्द्र बनाये जाने वाले अध्ययन केन्द्र के स्वयं की कम से कम छात्र संख्या 60 हो व 3 वर्ष से अध्ययन केन्द्र चल रहा हो।
4. नया परीक्षा केन्द्र निर्धारण करते समय वहॉ परीक्षार्थियों के लिए पहुँचने की स्थिति तथा अन्य परीक्षा केन्द्र से दूरी को विशेष ध्यान रखा जाय।
5. परीक्षा केन्द्र निर्धारण करते समय परीक्षा नियंत्रक की सजायता के लिये कुलपति जी द्वारा एक समिति गठित की जायेगी जो परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु पूर्व के दिशा निर्देश बिन्दु संख्या 1 से 4 को ध्यान में रखते हुये अपनी संस्तुति प्रस्तुत करेगी।
6. सभी जिलों में कम से कम एक परीक्षा केन्द्र रखने का प्रयास किया जाय।
7. बड़े शहरों में एक से ज्यादा परीक्षा केन्द्र हो सकते हैं।
8. विशेष परिस्थिति में मा0 कुलपति जी अपने विशेषाधिकार से परीक्षा केन्द्र बनाने की संस्तुति दे सकते हैं (संलग्नक–..... पृष्ठ संख्या –.....)

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया किः–

(i) **परीक्षा केन्द्र बनाते समय दिशा निर्देश का हर सम्भव पालन किया जाय उसमें कोई विचलन (Deviation) होता है तो वैधानिक समिति (Statutary body) से अनुमोदन कराया जाय।**

(ii) **परीक्षा केन्द्र उन्ही केन्द्रों को बनाया जाय जिनकी छात्र संख्या दिसम्बर सत्र में 60 तथा जून में 150 या अधिक हो। वित्तीय हानि न हो इसका भी ध्यान रखा जाय।**

(iii) **परीक्षा समय सारिणी (Time Table) बनाते समय ध्यान रखा जाय कि एक पाली में परीक्षार्थियों की संख्या अधिक न हो।**

(iv) **परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में एक दो दिन के लिए अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र बना दिया जाय।**

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

3. परीक्षा सत्र जून 2015 के Flying squad/Observers की रिर्पोट

परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा समिति को परीक्षा सत्र जून 2015 के Flying squad/Observers की रिर्पोट से अवगत कराया।

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णया लिया कि Flying squad/Observers की रिर्पोट पर परीक्षा केन्द्र से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय तथा दोनों पक्षों के पत्र को आगामी परीक्षा समिति में विचारार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत किया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति की अनुशंसा को यथावत स्वीकार किया।

4. <u>पूर्व परीक्षाओं से सम्बन्धित प्राप्त छात्र शिकायतें एवं कृत कार्यवाही।</u>

परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा समिति को पूर्व परीक्षाओं से सम्बन्धित प्राप्त छात्र शिकायतें एवं कृत कार्यवाही से अवगत कराया जिसका विवरण निम्नवत है:–

(a) परीक्षार्थी जितेन्द्र कुमार नामांकन संख्या 4102210204552 कार्यक्रम ठण् ब्वउ द्वारा परीक्षा केन्द्र एस–22 कुवाँरी चन्द्रावती महाविद्यालय पर पेपर के हिसाब से सुविधा शुल्क लेकर नकल कराये जाने के सम्बन्ध में शिकायती पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया है कि सुविधा शुल्क देने वाले परीक्षार्थियों को अलग एवं न देने वालों को अलग कमरे में बैठाकर परीक्षा करायी जाती है।

(b) परीक्षार्थी राजीव कुमार पाठक, शिवांगी मणि त्रिपाठी, श्वेता शर्मा, विभा त्रिपाठी, संध्या कुमारी व नीतू यादव, राघव नगर, देवरिया द्वारा परीक्षा केन्द्र बी.आर.डी. पी.जी. कालेज, देवरिया एस–017 पर प्रति प्रश्नपत्र एम0ए0 रू 800/– व बी0ए 500/– के हिसाब से सुविधा शुल्क लेकर नकल कराये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित शिकायती पत्र पर विचार।

(c) परीक्षार्थियों त्रिशा चौहान नामांकन संख्या 121941050004, गरिमा शाही 121721050030, विवके चौधरी 121721050037, विद्यानन्द उपाध्याय 221941050005, विकास सिंह 221941050007, नन्दिनी वर्मा 221941050003, अविनाश सोनकर 221941050002, व सोबिया मंजूर 221941050004 कार्यक्रम BCA द्वारा परीक्षा केन्द्र एस –013 बुद्ध पी जी कालेज कुशीनगर पर परीक्षा जून 2014 में प्रायोगिक परीक्षा के लिये रू 500/– से 1000/– प्रति छात्र/छात्रा लिये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित शिकायती पत्र पर विचार (परीक्षार्थियों को शपथ पत्र पर अपनी शिकायत टंकित करा कर प्रेषित करने हेतु पत्र Speed Post No. RU038766321IN, RU038766318IN, RU038766352IN, RU038766349 IN, RU 038766392 IN, RU 038766383IN, RU038766370IN, RU096035940IN, द्वारा दिनांक 12 व 10/6/2015 को प्रेषित)।

(d) विश्वविद्यालय के कर्मचारी श्री रमेश सिंह क परीक्षा जून 2015 में परीक्षा केन्द्र एस–009 प्रताप बहादुर कालेज, प्रतापगढ द्वारा परीक्षा गोपनीय सामग्री लेने से मना करने से सम्बन्धित पत्र पर विचार (गोपनीय सामग्री समय से प्राप्त करने हेतु परीक्षा केन्द्र एस–009 को पत्र Speed Post No. RU119485839IN, द्वारा दिनांक 20/6/2015 को प्रेषित)।

(e) श्री सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा शिकायती पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया है कि उनकी पुत्री सुश्री शाम्भवी नामांकन संख्या 3270310210269 कार्यक्रम B. Com द्वारा द्वितीय वर्ष का अधिन्यास जमा करने पर भी प्रवेश पत्र में नॉट एलाउड आया था। सेन्टर हेड श्री एस के तिवारी से सम्पर्क करने पर उनके द्वारा कहा गया कि उन्होने विश्वविद्यालय को अधिन्यास जमा नहीं किया है न ही जमा करेंगे और न ही वापस करेंगे। केन्द्र से प्रकरण पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु पत्र प्रेषित कर दिया गया है (संलग्नक–..... पृष्ठ संख्या ....)

परीक्षा समिति ने प्रकरण पर विचार किया।

परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि परीक्षाओं से सम्बन्धित प्राप्त छात्रा शिकायतों के आधार पर परीक्षा केन्द्र को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु पत्रा प्रेषित किया जाय एवं

स्पष्टीकरण प्राप्त होने के पश्चात् निर्णयार्थ आगामी परीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

अतः प्रकरण विद्या परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विद्या परिषद् ने प्रश्नगत बिन्दु पर विचार किया।

